

# आचार संहिता

Lubrizol



# विषय सूची


**नैतिकता— सतत भविष्य के लिए हमारी बुनियाद . . . 3**

**नैतिकता के प्रति एकजुट Lubrizol का दृष्टिकोण . . . 4**

Lubrizol में ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा . . . 4
कर्मचारियों, नेतृत्वकर्ताओं एवं Lubrizol के साझेदारों के उत्तरदायित्व . . . 6

**आवाज़ उठाना . . . 8**

प्रतिशोध-रोधी नीति . . . 8
नैतिकता से जुड़ी छानबीन में गोपनीयता, सहयोग एवं कर्मचारी की भूमिका . . . 9
प्रश्नों या आशंकाओं के लिए संसाधन. . . . 10

**लोग . . . 12**

विविधता, समावेशन एवं दूसरों के लिए सम्मान . . . 12
कार्यस्थल में मानवाधिकार . . . 15
स्वास्थ्य एवं सुरक्षा . . . 16
पर्यावरण का संरक्षण . . . 18

**व्यावसायिक सत्यनिष्ठा . . . 19**

परिसंपत्तियों की सुरक्षा . . . 19
हितों के टकराव . . . 24
सटीक एवं संपूर्ण रिकॉर्ड . . . 30

**दूसरों के साथ संबंध . . . 32**

उपहार, मनोरंजन, यात्रा एवं अनुरोध . . . 32
सरकारी अधिकारियों को उपहार, मनोरंजन या यात्रा का प्रस्ताव देना . . . 37
प्रतिस्पर्धात्मक समझ . . . 38

**कानूनों एवं अन्य दायित्वों का अनुपालन करना . . . 41**

**नैतिकता सहित निर्णय लेना . . . 43**

**संसाधन . . . पिछले कवर पेज पर**


यह प्रकाशन 2017 की आचार संहिता की जगह लेता है और यह Lubrizol कॉर्पोरेशन और इसकी सहायक कंपनियों और अधिकांश शेयर के स्वामित्व वाले संयुक्त उपक्रमों के साथ-साथ Lubrizol के साझेदारों पर भी लागू होता है।




# नैतिकता— सतत भविष्य के लिए हमारी बुनियाद

पिछले 90 वर्षों से Lubrizol अपने कर्मचारियों, ग्राहकों, उपभोक्ताओं, एवं जिन समुदायों में हम रहते हैं और कार्य करते हैं उनके लिए मूल्य सृजन करते हुए नैतिक रूप से तथा उत्तरदायित्व के साथ कार्य करने के लिए अटल रूप से वचनबद्ध है। इसी वचनबद्धता की आधारशिला पर हमारी कंपनी का निर्माण किया गया था, तथा यह आज भी अपरिवर्तित है।

Lubrizol की संवहनीयता की बुनियाद सुदृढ़ व्यावसायिक नैतिकता के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता है, क्योंकि विश्व के ऊपर सकारात्मक प्रभाव के निर्माण के लिए यह आवश्यक है कि हम सर्वोच्च स्तर के आचरण का पालन करें।

हमारा लक्ष्य

**100**

कर्मचारियों को यह विश्वास दिलाना है कि Lubrizol एक ऐसी जगह है जहाँ नैतिक आचरण को सराहा एवं पुरस्कृत

हमें ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करना चाहिए, जिससे ग्राहकों एवं उपभोक्ताओं का हमारे ऊपर विश्वास बना रहे कि उन्हें जीवन को बेहतर बनाने वाले समाधान प्रदान किए जाएंगे। हमें एक विविध एवं समावेशी कार्यबल का विकास करना चाहिए जिसमें प्रत्येक व्यक्ति के साथ गरिमा तथा सम्मान सहित व्यवहार किया जाता हो, ताकि अधिक प्रभावी रूप से परिवर्तन लाने एवं समस्याओं का समाधान करने के लिए नए विचार और दृष्टिकोण विकसित किए जा सकें। हमें उन कर्मचारियों को पुरस्कृत करना तथा उनकी सराहना करनी चाहिए जो अपनी आवाज़ उठाते हों तथा प्रश्न पूछते हों, क्योंकि इससे साबित होता है कि उन्हें Lubrizol और Lubrizol की सफलता पर निर्भर करने वाले अनेक लोगों की परवाह है।

ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा और उचित रूप से व्यवसाय करने के प्रति हमारी दृढ़ वचनबद्धता, कंपनी के रूप में हमारी पहचान के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस सिद्धांत ने पिछले 90 वर्षों से हमारा मार्गदर्शन किया है और आने वाले कई दशकों में भी करता रहेगा। विश्व को प्रदूषण मुक्त बनाने, तकनीक कुशल बनाने तथा सुविधा संपन्न बनाने की हमारी इस यात्रा में, मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के लिए इस आचार संहिता का संदर्भ लें।

Rebecca B Liebert

Rebecca B. Liebert
President and CEO



# नैतिकता के प्रति एकजुट Lubrizol का दृष्टिकोण

दुनिया जटिल है और हमारे सामने असीमित संभावनाएँ हैं। चूंकि यह तय है कि हमारा सामना ऐसी चुनौतियों से होगा जिन्हें टाला नहीं जा सकता साथ ही चाहे जैसे भी या जहाँ भी कोई प्रश्न या समस्या सामने आए, यह आचार संहिता लागू होती है। हम ऐसा कोई भी व्यवसाय नहीं करेंगे जिसे नैतिकता के साथ न किया जा सके। हम संहिता के अनुपालन के लिए सभी कर्मचारियों, नेतृत्वकर्ताओं और साझेदारों को जवाबदेह ठहराते हैं। और हम अपवादों पर काम नहीं करते हैं भले ही कोई महत्वपूर्ण व्यापार साझेदार हमें कोई और तरीका या शॉर्टकट अपनाने के लिए क्यों न कहें। Lubrizol में, हम ईमानदारी और सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के साथ व्यवसाय करके कंपनी की प्रतिष्ठा की रक्षा करने के अपने अभियान में एकजुट हैं।

## Lubrizol में ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा

Lubrizol के संस्थापकों का विश्वास है कि ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा से कार्य करना ही व्यवसाय करने के एकमात्र तरीका है। यही वचनबद्धता 1928 में कंपनी को स्थापित करने के समय से Lubrizol की संस्कृति की आधारशिला बनी हुई है और आज भी यह उतनी ही महत्वपूर्ण है।



## ईमानदारी से कार्य करने का क्या मतलब है?

ईमानदारी से कार्य करने का मतलब है सच्चाई, सटीकता एवं स्पष्टवादिता से व्यवहार करने का इरादा रखना। इसका मतलब है चोरी या धोखाधड़ी न करना, या फ़ायदा उठाने के लिए धोखेबाज़ी या छल न करना।

## सत्यनिष्ठा से कार्य करने का क्या मतलब है?

सत्यनिष्ठा से कार्य करने का मतलब है नैतिक मूल्यों के आधार पर निर्णय लेना। इसके लिए आवश्यक है कि हमेशा सही कार्य किया जाए, तब भी जब कोई देख न रहा हो, और आवाज़ उठाई जाए जब कोई चीज़ सही न लग रही हो।

ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा से कार्य करने की आवश्यकता ऐसी प्रत्येक परिस्थिति पर लागू होती है जो Lubrizol के लिए कार्य करते समय उत्पन्न होने की संभावना रखती है। यह सिर्फ़ संहिता में शामिल किए गए विषयों तक ही सीमित नहीं है। सभी परिस्थितियों में न्यायसंगत निर्णय लेने की आवश्यकता है।





# कर्मचारियों, नेतृत्वकर्ताओं एवं Lubrizol के साझेदारों के उत्तरदायित्व

Lubrizol के लिए कार्य करने वाला प्रत्येक व्यक्ति संहिता का अनुपालन करने के लिए जवाबदेह है। इसमें Lubrizol के सभी कर्मचारियों के साथ-साथ Lubrizol का प्रतिनिधित्व करने वाला कोई भी व्यक्ति या फ़र्म शामिल है।

## कर्मचारी

Lubrizol के प्रत्येक कर्मचारी को निम्नलिखित कार्य करने होंगे:

- संहिता एवं संबंधित नीतियों को पढ़ना तथा उन्हें समझना;
- उच्च-स्तरीय नैतिक व्यावसायिक आचरण दर्शाना;
- संहिता का अनुपालन करना, तब भी जब इसके लिए कानूनी आवश्यकताओं से अधिक का अनुपालन करना पड़े; एवं
- समय होने पर सभी आवश्यक नैतिकता-संबंधी प्रशिक्षण तथा स्वीकृतियों को पूरा करना।

कर्मचारियों का यह भी कर्तव्य है कि वे मदद या मार्गदर्शन की आवश्यकता पड़ने पर प्रश्न करें तथा समस्याओं का संदेह होने पर आशंकाएँ व्यक्त करें।

## नेतृत्वकर्ता

Lubrizol के नेतृत्वकर्ताओं को निम्नलिखित कार्य भी करने होंगे:

- एक ऐसे कार्य का माहौल निर्माण करना जिसमें नैतिक व्यवहार की अपेक्षा और सराहना की जाती हो;
- सुनिश्चित करना कि उनके सभी  सीधे रिपोर्टी आवश्यक नैतिकता-संबंधी प्रशिक्षण तथा उसकी स्वीकृतियों को समय पर पूरा करते हों;
- नैतिकता-संबंधी प्रश्नों पर चर्चा का प्रचार करना और प्रोत्साहित करना तथा उत्तर अस्पष्ट होने पर सहयोग की माँग करना;
- संहिता के संभावित उल्लंघनों की सूचना दिए जाने पर तुरंत निगमित नैतिकता कार्यालय या किसी स्थानीय नैतिकता नेतृत्वकर्ता को सूचित करना; और
- उल्लंघन होने की बात निश्चित हो जाने पर उचित कार्रवाई करना।



"कभी-कभी आपके सहयोगी कहेंगे कि,,

## 'बाकी सब ऐसा कर रहे हैं।' मैं जब भी यह सुनता हूँ, तो घबरा जाता हूँ।

यह लगभग हमेशा ही एक गलत तर्क है यदि किसी व्यावसायिक कार्रवाई के लिए यही मुख्य समर्थन हो। किसी नैतिक निर्णय का मूल्यांकन करते समय यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। जब भी कोई उस वाक्य को तर्क के रूप में प्रस्तुत करता है, तो वास्तव में वह व्यक्ति कह रहा है कि उसके पास कोई बेहतर कारण नहीं है। यदि कोई व्यक्ति यह स्पष्टीकरण देता है, तो उसे इसका उपयोग किसी रिपोर्टर या न्यायाधीश के साथ करने दें और फिर देखें कि उसे इससे कितनी सफलता मिलती है।"

*– वारेन बफेट*

### Lubrizol के साझेदार

Lubrizol के साझेदारों में सलाहकार, एजेंट, परामर्शदाता, ठेकेदार, वितरक या Lubrizol की ओर से कार्य करने वाले अन्य प्रतिनिधि शामिल हैं। Lubrizol के सभी साझेदारों से अपेक्षित है कि वे नैतिक व्यवहार के सर्वोच्च मानकों के अनुसार अपनी गतिविधियाँ संचालित करेंगे तथा Lubrizol की ओर से कार्य करते समय वे इस संहिता का अनुपालन करेंगे। इस संहिता में निर्धारित नीतियों एवं सिद्धांतों के अनुरूप कार्य करने से चूकने वाले Lubrizol के साझेदार Lubrizol के साथ अपने व्यवसाय को खतरे में डालेंगे।

### ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा के लिए हमारी जवाबदेही और वचनबद्धता:

- ***हम Lubrizol के लिए प्रत्येक कार्य को पूरी ईमानदारी से करते हैं।***
- ***हम Lubrizol के नैतिक मूल्यों के आधार पर सत्यनिष्ठा से कार्य करते हैं।***
- ***हम सही कार्य करते हैं, तब भी जब कोई देख न रहा हो।***
- ***हम जानते हैं कि हमारी सुदृढ़ व्यावसायिक नैतिकता संवहनीय भविष्य की नींव है।***
- ***हम कर्मचारियों, नेतृत्वकर्ताओं तथा Lubrizol साझेदारों के रूप में अपने उत्तरदायित्व पूरे करते हैं।***



# आवाज़ उठाना

Lubrizol आवाज़ उठाने वाले लोगों की सराहना करता है। प्रश्न करने वाले या आशंकाएँ व्यक्त करने वाले लोग सुनिश्चित करते हैं कि Lubrizol के सर्वश्रेष्ठ हित सुरक्षित रहें तथा दर्शाते हैं कि उन्हें Lubrizol की साख की परवाह है।

आवाज़ उठाने का एक तरीका आशंका की रिपोर्ट करना है। आप किसी आशंका की रिपोर्ट तब भी कर सकते हैं जब आपको पूरा विश्वास नहीं हो कि आपके पास यह प्रमाणित करने के लिए सारे तथ्य एवं जानकारी है कि कोई अन्याय हुआ है या यह कि संहिता का उल्लंघन किया गया है। इसके लिए सिर्फ इस दृढ़ विश्वास की आवश्यकता है कि शायद एक समस्या उत्पन्न हुई है जिसे संबोधित किया जाना चाहिए।

आवाज़ उठाने का एक अन्य तरीका मार्गदर्शन की माँग करना है। प्रश्न पूछना समस्या को उत्पन्न होने से रोकने का एक अच्छा तरीका है।



## प्रतिशोध-रोधी नीति

Lubrizol ऐसे किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध प्रतिशोध का सख़्त निषेध करता है जो, सद्भाव से प्रश्न पूछता है, आशंका व्यक्त करता है या नैतिकता से जुड़ी किसी छानबीन में भाग लेता है। सद्भाव का मतलब है यह विश्वास करना कि प्रदान की जा रही जानकारी सच्ची है; इसका यह मतलब नहीं है कि जानकारी को निश्चित रूप से सही होना ही चाहिए या यह कि आगे आने से पहले सारे तथ्यों की जानकारी होना अनिवार्य हो।

यदि आपको लगता है कि नैतिकता से जुड़ी कोई आशंका व्यक्त करने या नैतिकता से जुड़े प्रश्न पूछने के कारण या नैतिकता से जुड़ी किसी छानबीन में भाग लेने के फलस्वरूप आपको प्रतिशोध का पात्र बनाया गया है, तो आपको आवाज़ उठानी चाहिए। यदि प्रतिशोध की पुष्टि हो जाए, तो नौकरी की समाप्ति तक अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।





## नैतिकता से जुड़ी छानबीन में गोपनीयता, सहयोग एवं कर्मचारी की भूमिका

नैतिक दुराचार से संबंधित आरोप अत्यंत संवेदनशील हो सकते हैं। यही कारण है कि ऐसी छानबीन को समझदारी से संभाला जाता है। उदाहरण के लिए, यदि नैतिकता से जुड़ी किसी छानबीन के भाग के रूप में आपका साक्षात्कार लिया जाए, तो आपसे आपकी जानकारी साझा करने के लिए कहा जा सकता है, लेकिन इसमें शामिल व्यक्तियों की पहचान गुप्त रखने के लिए हो सकता है कि आपको छानबीन की जा रही आशंका या रिपोर्ट के स्रोत के बारे में कम विवरण प्रदान किए जाएँ।

यदि नैतिकता से जुड़ी किसी छानबीन के संबंध में आपसे मदद माँगी जाए, तो आपका यह कर्तव्य है कि आप इसमें पूरी तरह सहयोग करें तथा सच्चाई से उत्तर दें। जानबूझकर झूठी जानकारी प्रदान करना या नैतिकता से जुड़ी छानबीन में हस्तक्षेप करना संहिता का गंभीर उल्लंघन है।

Lubrizol की मोबाइल डिवाइस नीति के अनुसार, आपको अपने उस इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (जैसे मोबाइल फ़ोन) को निरीक्षण और इमेजिंग के लिए उपलब्ध कराना पड़ सकता है जिसका उपयोग आप Lubrizol से जुड़े व्यवसाय के लिए करते हैं। किसी भी तरह की समीक्षा या इमेजिंग लागू कानून के अनुपालन में होगी।

निगमित नैतिकता कार्यालय द्वारा इसे प्राप्त हुए नैतिकता से जुड़े सभी प्रश्नों और आशंकाओं की समीक्षा की जाती है। अगर आप नैतिकता से जुड़ी किसी भी आशंका की रिपोर्ट करते हैं, तो आश्वस्त रहें कि इसे गंभीरता से लिया जाएगा और अगर संहिता का उल्लंघन हुआ हो, तो उचित सुधारात्मक कार्रवाई के लिए कदम उठाए जाएंगे। यद्यपि नैतिकता से जुड़ी छानबीन के निष्कर्ष के विवरण साझा नहीं किए जा सकते हैं, लेकिन छानबीन पूरी हो जाने के बाद आपको आपकी आशंकाओं के बारे में प्रतिक्रिया प्रदान की जाएगी।



***संहिता का उल्लंघन करने के परिणाम***

*उल्लंघन की गंभीरता के आधार पर, अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत मौखिक कोचिंग या प्रशिक्षण से लेकर*

*अधिक औपचारिक कार्रवाई तक की जा सकती है जिसमें नौकरी की समाप्ति भी शामिल है।*

## प्रश्नों या आशंकाओं के लिए संसाधन

नैतिकता से जुड़े प्रश्नों या आशंकाओं के लिए कई संसाधन उपलब्ध हैं। आप अपने सुपरवाइज़र, स्थानीय नैतिकता नेतृत्वकर्ता या निगमित नैतिकता कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। आशंकाओं की रिपोर्ट करने के लिए उपलब्ध स्रोतों में नैतिकता हॉटलाइन भी शामिल है। इसके उपयोग से टेलीफोन द्वारा या ऑनलाइन, कई भाषाओं में रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सकती है। कृपया संपर्क जानकारी तथा अन्य उपलब्ध संसाधनों के लिए इस संहिता का अंतिम पेज देखें।

नैतिकता हॉटलाइन प्रणाली के माध्यम से गुमनाम रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए, आशंका के बारे में यथासंभव अधिकतम विवरण प्रदान करना न भूलें। उदाहरण के लिए, घटना की तारीख, घटनाक्रम के विशिष्ट विवरण तथा शामिल व्यक्तियों या कंपनियों के नाम एवं उन लोगों के नाम, जो गवाह हो सकते हैं या जिनके पास जानकारी हो, प्रदान करने से गहन छानबीन का संचालन सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी। यह ध्यान में रखें कि पर्याप्त जानकारी के बिना गुमनाम रिपोर्ट की पुष्टि करना कठिन होता है।

*गुमनाम रिपोर्ट नैतिकता हॉटलाइन प्रणाली द्वारा स्वीकार किए जाते हैं।*

### आवाज़ उठाने के प्रति हमारी जवाबदेही और वचनबद्धता:

- ***हम आशंकाएँ व्यक्त करते हैं जब हमें विश्वास होता है कि कुछ गलत हो रहा है।***
- ***हम प्रश्न पूछते हैं जब कार्रवाई की योजना स्पष्ट नहीं होती।***
- ***हम इस विश्वास के साथ आगे आते हैं कि Lubrizol किसी भी अवस्था में प्रतिशोध सहन नहीं करता।***
- ***हमसे कहे जाने पर हमारा कर्तव्य है कि हम नैतिकता से जुड़ी छानबीन में सहयोग करें।***
- ***हम कार्रवाई करते हैं क्योंकि हम Lubrizol की प्रतिष्ठा की रक्षा करने के लिए जवाबदेह हैं।***

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

| | |
|---|---|
| **प्र: मुझे अपने स्थानीय नैतिकता नेतृत्वकर्ता का नाम कहाँ से मिलेगा?** | उ: आपको सभी स्थानीय नैतिकता नेतृत्वकर्ता की वर्तमान सूची Lubrizol न्यूज़ में नैतिकता पेज पर मिलेगी। |
| **प्र: हाल ही में Lubrizol ने उस कंपनी का अधिग्रहण किया है जहाँ मैं कार्यरत हूँ। मेरे स्थान पर इस संहिता को कब से लागू किया जाएगा?** | उ: यह संहिता उस दिन से लागू होगी जिस दिन यह व्यवसाय Lubrizol का भाग बनेगा। यदि आपको यह आशंका है कि ऐसा कुछ है जो संहिता या Lubrizol नीति का अनुपालन नहीं करता, तो इसके बारे में आवाज़ उठाना आपका कर्तव्य है। कृपया तुरंत यह कार्रवाई करें। |
| **प्र: मैंने नैतिकता हॉटलाइन में एक आशंका की रिपोर्ट की थी जिसके बारे में मुझे नहीं लगता कि उसे संबोधित किया गया है क्योंकि मैंने जो कदाचार पहले देखा था वह अभी भी जारी है। मुझे क्या करना चाहिए?** | उ: यदि कदाचार जारी रहता है, तो आपको सीधे निगमित नैतिकता कार्यालय से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। लेकिन यदि आप चाहें, तो मूल रिपोर्ट को अद्यतन कर सकते हैं या नैतिकता हॉटलाइन (https://brk-hotline.com) को एक नई रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकते हैं।<br><br>अपनी रिपोर्ट में, कृपया बनी हुई आशंका के बारे में यथासंभव अधिकतम विवरण अवश्य प्रदान करें और इसमें वह आशंका जिसने आपके विचार से संहिता का उल्लंघन किया है, वे तारीखें जब वह आशंका पैदा हुई तथा उन लोगों के नाम जिनके पास उसके बारे में जानकारी है, को शामिल करें। |
| **प्र: पिछले महीने मैंने एक संभावित हित के टकराव के बारे में आशंका की रिपोर्ट की थी, जो मुझे लगा कि एक सहकर्मी और एक आपूर्तिकर्ता के बीच थी। जाँच की शुरुआत से, उस सहकर्मी ने मुझे उन प्रोजेक्ट की बैठकों या चर्चाओं में शामिल करना बंद कर दिया है जिन पर हम दोनों काम करते हैं। क्या यह बर्ताव ठीक है?** | उ: प्रतिशोध एक ऐसी प्रतिकूल कार्रवाई है जो नैतिकता से जुड़ी जाँच में किसी कर्मचारी की भागीदारी से सीधे तौर पर जुड़ी है। यदि आपको लगता है कि आपके द्वारा आशंका की रिपोर्ट करने के कारण आपका सहकर्मी आपके विरुद्ध प्रतिशोध रख रहा है, तो आपको अपने सुपरवाइज़र से बर्ताव में आए इस बदलाव की रिपोर्ट करनी चाहिए। आप निगमित नैतिकता कार्यालय से भी संपर्क कर सकते हैं। Lubrizol सख्त प्रतिशोध-विरोधी नीति का पालन करता है। |



# लोग

सर्वाधिक प्रतिभाशाली एवं आविष्कारक लोग एक ऐसे नियोक्ता के लिए कार्य करना चाहते हैं जो यह सुनिश्चित करने के लिए वचनबद्ध है कि सभी के पास कार्य करने के लिए एक सुरक्षित, आदरपूर्ण तथा समावेशी स्थान है, जहाँ भिन्नताओं का स्वागत किया जाता है और सहयोग को पुरस्कृत किया जाता है। Lubrizol के लिए सर्वोच्च गुणवत्ता युक्त कर्मचारियों को आकर्षित तथा प्रतिधारित करना अत्यावश्यक है जिससे यह विश्व को प्रदूषण मुक्त बनाने, तकनीक कुशल बनाने तथा सुविधा संपन्न बनाने का अपना ध्येय प्राप्त कर सके।

नीचे कुछ महत्वपूर्ण क्षेत्रों को स्पष्ट किया गया है जिनमें आपको लोगों के प्रति Lubrizol की वचनबद्धता का समर्थन करना होगा।

***कर्मचारी संबंधों से जुड़ी आशंकाएं***

*नीचे दिए गए मामलों से संबंधित प्रश्नों या आशंकाओं के लिए वैश्विक कर्मचारी संपर्क अधिकारी (संहिता का अंतिम पेज देखें) से संपर्क करें:*

- *ग्राहक से दुर्व्यवहार*
- *भेद-भाव*
- *ड्रग एवं शराब*
- *उत्पीड़न*
- *आपसी विवाद*
- *कदाचार*
- *गैर-वित्तीय मामलों में मुखबिरी के प्रति प्रतिशोध*
- *वेतन एवं काम करने का समय*
- *कार्यस्थल संबंधी हिंसा*

## विविधता, समावेशन एवं अन्य लोगों के लिए सम्मान

Lubrizol की निरंतर सफलता एक ऐसे विविध कार्यबल तथा समावेशी संस्कृति के होने पर आधारित है जिसमें सभी के साथ गरिमा एवं सम्मान के साथ व्यवहार किया जाता है। Lubrizol योग्य व्यक्तियों के लिए जाति, रंग, धर्म, लिंग, लैंगिक पहचान, राष्ट्रीय मूल, आयु, वैवाहिक स्थिति, सैन्य सेवा, विकलांगता, लैंगिक झुकाव, आनुवांशिक जानकारी, नागरिकता या सामाजिक या आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना रोज़गार के समान अवसर प्रदान करता है।

प्रत्येक Lubrizol स्थल एक ऐसा स्थान होना चाहिए जहाँ सभी सुरक्षित, संलग्न एवं महत्वपूर्ण अनुभव करें तथा जहाँ मतभिन्नता की भी सराहना की जाती हो और नए विचारों एवं दृष्टिकोणों का स्वागत किया जाता हो। प्रत्येक कर्मचारी, Lubrizol साझेदार तथा आगंतुक के कार्य और बातचीत व्यावसायिक होने चाहिए एवं यह रवैया सम्मान सहित सभी लोगों के लिए अपनाया जाना चाहिए, इस बात की परवाह किए बिना कि Lubrizol की ओर से कार्य का संचालन कहाँ किया जाता है।

# निगरानी करना

Lubrizol अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सूचना प्रणालियों के उपयोग की निगरानी करता है। Lubrizol की प्रणालियों के उपयोग के दौरान किए गए संचार को निजी नहीं माना जाता।



*Lubrizol अपमानजनक, गैर कानूनी या गैर व्यवसायिक साइटों को अवरोधित करने और लागू कानून के अनुसार, Lubrizol के उपकरणों, प्रणालियों तथा नेटवर्क को भेजे गए, उनमें भंडारित किए गए या उनसे हटाए गए संदेशों या डेटा की सम्पूर्ण सामग्री को अवरोधित करने और उसकी समीक्षा करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।*

इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का उपयोग सम्मान पूर्ण एवं उत्तरदायी ढंग से किया जाना चाहिए। Lubrizol द्वारा जारी किए गए उपकरणों पर (या Lubrizol की ओर से कार्य करते समय निजी उपकरणों पर) संचार व्यावसायिक और उचित होने चाहिए और इसमें कभी भी आक्रामक, अश्लील, लैंगिक झुकाव वाले या धमकी से भरे कॉन्टेंट नहीं होने चाहिए।

Lubrizol में किसी भी प्रकार के उत्पीड़न, शत्रुता तथा भयसूचक या नीचा दिखाने वाले व्यवहार (उदाहरण के लिए, किसी जाति के लिए अपशब्द का उपयोग करना, यौन व्यंग्य करना या अपमानजनक चुटकुला सुनाना) के लिए कोई स्थान नहीं है और इसे सहन नहीं किया जाता। सभी व्यक्तियों के साथ गरिमा एवं सम्मान के साथ व्यवहार करने की Lubrizol की वचनबद्धता का उल्लंघन करने वाले पक्षपातपूर्ण व्यवहार का सख़्ती से निषेध किया जाता है।

### लोगों के प्रति हमारी जवाबदेही और वचनबद्धता:

- ***हम एक दूसरे के साथ गरिमा एवं सम्मान के साथ व्यवहार करते हैं।***
- ***हम अपनी भिन्नताओं का स्वागत करते हैं तथा एक समावेशी संस्कृति का विकास करते हैं।***
- ***हमारे कार्य और दूसरों के साथ बातचीत हमेशा व्यावसायिक ढंग से की जाती है।***
- ***हम अपने व्यवहार—कार्यों एवं शब्दों—के लिए उत्तरदायी हैं, चाहे यह व्यवहार आमने-सामने किया जाए या किसी उपकरण के उपयोग से।***

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्र: मैं कर्मचारी संबंधों से जुड़ी किसी आशंका की रिपोर्ट कैसे कर सकता हूँ?**

उ: कृपया संपर्क विवरण के लिए इस संहिता का अंतिम पेज देखें। यदि आप निगमित नैतिकता कार्यालय या नैतिकता हॉटलाइन के माध्यम से किसी मानव संसाधन या कर्मचारी संबंध से जुड़े मामले की रिपोर्ट करते हैं, तो इसे समीक्षा और प्रबंधन के लिए कर्मचारी  संबंध कार्यालय को भेजा जाएगा।

---

**प्र: मुझे आशंका है कि मेरे सुपरवाइज़र, जो एक लंबे समय से यहाँ कार्यरत हैं, वर्षों से महिलाओं के बारे में अनुचित टिप्पणियाँ और चुटकुले सुनाते रहे हैं। यह बात सबको मालूम है, लेकिन लोग यह कहते हुए उनके इस व्यवहार को अनदेखा करते आए हैं कि यह सिर्फ उनके व्यक्तित्व का एक हिस्सा है। मुझे क्या करना चाहिए?**

उ. अनेक वर्षों से Lubrizol का कर्मचारी होने से संहिता का उल्लंघन करने वाला उनका व्यवहार माफ़ी योग्य नहीं हो जाता है। आपको अपने मानव संसाधन साझेदार से अपनी आशंका के बारे में बात करनी चाहिए। यदि आप अपने मानव संसाधन साझेदार से बात करने में सहज नहीं हैं, तो आपको कर्मचारी संपर्क कार्यालय से संपर्क करना चाहिए। कृपया संपर्क विवरण के लिए इस संहिता का अंतिम पेज देखें। कृपया सुनिश्चित रूप से यथासंभव अधिकतम विवरण प्रदान करें, जिसमें क्या कहा गया था, ये टिप्पणियाँ कब की गई थी तथा उन लोगों के नाम भी शामिल हों जिन्होनें ये टिप्पणियाँ सुनी थी।

---

**प्र: मेरे स्थान पर अन्य लोगों के साथ-साथ मुझे एक सहकर्मी से एक ईमेल प्राप्त हुआ जिसमें साइट पर अव्यवस्था की स्थिति के बारे में शिकायत की गई थी। उस ईमेल में, कर्मचारी ने समस्या के साथ अपनी असंतुष्टि व्यक्त करने के लिए असभ्य और अपमानजनक बातें लिखी थी। इससे दूसरों को परेशानी हुई लेकिन किसी ने आवाज़ नहीं उठाई। मुझे क्या करना चाहिए?**

उ: यदि परिस्थितियाँ ऐसी बनती हों, जिनमें आपको अपने सुपरवाइज़र से या मानव संसाधन साझेदार से अपनी आशंका के बारे में बात करनी पड़े, तो ऐसा करना चाहिए। यदि आपको इन माध्यमों से अपनी आशंका व्यक्त करने में संकोच हो रहा हो, तो इस स्थिति में सहायता के लिए आप कर्मचारी संपर्क कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। कृपया संपर्क विवरण के लिए इस संहिता का अंतिम पेज देखें।

---

# कार्यस्थल में मानवाधिकार

Lubrizol मानता है कि प्रत्येक व्यक्ति मूल मानवाधिकारों का अधिकारी है जिसमें स्वेच्छा से कार्य करने, स्वतंत्र होकर घूमने-फिरने और उचित वेतन पाने के अधिकार शामिल हैं। Lubrizol अपने सुविधा केंद्रों में समस्त प्रकार की मानव तस्करी, बंधुआ मज़दूरी तथा बाल मज़दूरी का निषेध करता है एवं यह सुनिश्चित करने के लिए नीतियाँ और अभ्यास अपनाए गए हैं कि लागू कानूनों का अनुपालन करते हुए प्रतिस्पर्धात्मक रूप से कर्मचारियों की क्षतिपूर्ति की जाए।

इस संबंध में, Lubrizol निम्नलिखित के लिए वचनबद्ध है:

- सिर्फ ऐसे व्यक्तियों को नौकरी पर रखना जो स्वेच्छा से काम करना चाहते हैं;
- 15 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों की नियुक्ति न करना;
- हमारे परिचालनों में मानव तस्करी, दासता या समस्त प्रकार की गुलामी को निषिद्ध करना;
- सभी लागू श्रम कानूनों का अनुपालन करना, जिनमें कार्य घंटों को प्रतिबंधित करना तथा दूसरों के साथ संबंध बनाने के अधिकार शामिल हैं;
- ऐसी मज़दूरी एवं लाभ प्रदान करना जो कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करते हों या उनसे अधिक हों (ओवरटाइम वेतन सहित, जैसा लागू हो) और पूर्णकालिक कर्मचारियों को निर्वाह-मज़दूरी प्रदान करना; और
- हमारे सुविधा केंद्रों में कार्य करने या वहाँ आने वाले सभी व्यक्तियों के लिए एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्यक्षेत्र प्रदान करना।

## Lubrizol **की आपूर्ति शृंखला में पारदर्शिता**

Lubrizol यह सुनिश्चित करने का प्रयास करता है कि उसकी आपूर्ति शृंखला सभी लोगों के जीवन के लिए सम्मान तथा मानवाधिकारों के लिए समर्थन को प्रतिबिंबित करे। इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, Lubrizol ने आपूर्तिकर्ता आचार संहिता अपनाई है, जो www.lubrizol.com पर उपलब्ध है।

### मानवाधिकारों के प्रति हमारी जवाबदेही और वचनबद्धता:

***हम हमारे कार्यक्षेत्र में या आपूर्ति शृंखला में मानवाधिकारों के प्रति Lubrizol की वचनबद्धता-संबंधी आशंकाओं या संदिग्ध उल्लंघनों को सूचित करने लिए जवाबदेह हैं।***



***परिस्थितियाँ या व्यवहार असुरक्षित होने पर आपके पास कार्य रोकने का अधिकार है!***

*यदि आपको कोई व्यक्ति किसी सुरक्षा प्रक्रिया का उल्लंघन करता दिखाई दे, तो आपको तत्काल निम्नलिखित करना चाहिए:*

- *खुद को बिना किसी संकट में डाले, यदि संभव हो, तो उस व्यक्ति से तुरंत कार्य को रोकने के लिए कहें; तथा*
- *अपने सुपरवाइज़र या स्थानीय सुरक्षा कर्मी को सूचित करें, ताकि इस परिस्थिति को संबोधित किया जा सके; तथा भविष्य में ऐसी समस्याओं को होने से रोका जा सके।*

## स्वास्थ्य एवं सुरक्षा

Lubrizol ऐसी संस्कृति को समाविष्ट करता है जिसमें सभी व्यक्ति कार्यक्षेत्र में सुरक्षा नेतृत्वकर्ता बनने के लिए सशक्त हैं। Lubrizol अपने कर्मचारियों को उनके कार्य सुरक्षित रूप से करने के लिए ज्ञान तथा साधन प्रदान करने की अटल वचनबद्धता को बनाए रखता है। समस्त कर्मचारियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे सुरक्षा में निरंतर सुधार करने और खतरों या असुरक्षित परिस्थितियों को हटाने की मानसिकता के साथ अग्रसक्रिय रूप से जोखिम की पहचान, आकलन तथा प्रबंधन करें। Lubrizol, Responsible Care® के मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार अपने व्यवसाय का संचालन करता है।

कर्मचारियों के पास यह महत्वपूर्ण उत्तरदायित्व है कि वे कार्यक्षेत्र में अपनी और अतिथियों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। उन उत्तरदायित्वों में सबको सुरक्षित रखने, असुरक्षित परिस्थितियों को हटाने, सभी आवश्यक प्रशिक्षण पूरा करने और किसी आवश्यकता के स्पष्ट न होने पर प्रश्न पूछने के लिए तैयार की गई नीतियों तथा प्रक्रियाओं का पालन करना शामिल है। कर्मचारियों को यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि अतिथियों को आवश्यक सुरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जाए और वे Lubrizol के सुरक्षा नियमों का पालन करें।

### स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति हमारी जवाबदेही और वचनबद्धता:

- ***हम अपने परिवेश पर ध्यान देते हैं और खतरों के लिए सतर्क रहते हैं।***
- ***हम असुरक्षित परिस्थितियाँ या व्यवहार दिखाई देने पर हस्तक्षेप करते हैं।***
- ***हम न शॉर्टकट लेते हैं और न ही सुरक्षा उपायों या अन्य नियंत्रणों की अवहेलना करते हैं।***
- ***कोई आवश्यकता स्पष्ट न होने पर हम प्रश्न करते हैं।***
- ***हम इस संहिता में उल्लेखित तथा अन्य समस्त सुरक्षा नीतियों एवं प्रक्रियाओं का पालन करते हैं।***

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्र: मैंने एक ठेकेदार को पैदल यात्रियों के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र के बाहर चलते हुए देखा। मैं न उस ठेकेदार के लिए और न ही उस जगह के लिए उत्तरदायी हूँ जहाँ वह चल रहा था। मुझे क्या करना चाहिए?**

उ: सुरक्षा हम सबका उत्तरदायित्व है। यदि आप Lubrizol सुविधा केंद्र में किसी को भी कुछ ऐसा करते हुए देखें जिससे किसी सुरक्षा नियम का उल्लंघन होता हो, तो यदि आप उस गतिविधि को सुरक्षित रूप से रोक सकें, तो आपको ऐसा तुरंत करना चाहिए। ऐसी परिस्थिति में आपको विनम्रता से उस ठेकेदार को बताना चाहिए कि सभी पैदल यात्रियों के लिए निर्दिष्ट क्षेत्र के भीतर चलना अनिवार्य है। आपको अपने सुपरवाइज़र या स्थानीय सुरक्षा कर्मी को भी सूचित करना चाहिए।

---

**प्र: मैंने एक व्यक्ति को मज़ाक में एक सहकर्मी की ओर एक भारी धातु की फ़िटिंग फेंकते हुए देखा। वह उस सहकर्मी के सिर से जा टकराई, लेकिन खुशकिस्मती से उसने एक सख्त टोपी पहनी हुई थी, इसलिए उसे चोट नहीं लगी। क्योंकि उसे कुछ नहीं हुआ, क्या इस घटना में कोई सुरक्षा उल्लंघन हुआ है?**

उ: हमें हमेशा अपने कार्यक्षेत्र को सुरक्षित और महफ़ूज़ रखना चाहिए। इसमें हँसी-मज़ाक में की जाने वाली उन हरकतों को न करना भी शामिल है जिनके कारण नुकसान पहुँच सकता है। भले ही किसी को चोट न लगी हो, फिर भी यह एक गंभीर सुरक्षा उल्लंघन है तथा इसे संबोधित करना आवश्यक है। सुरक्षा के प्रति हमारी वचनबद्धता का मतलब है कि हम किसी अन्य व्यक्ति को खतरे में कभी न डालें। आपको तुरंत इस घटना की रिपोर्ट अपने सुपरवाइज़र या स्थानीय सुरक्षा कर्मी को करनी चाहिए।

---

**प्र: मेरे कार्यक्षेत्र में ऐसे चिह्न हैं जिनके अनुसार प्लांट के परिचालन क्षेत्रों में सुरक्षा चश्मा पहनना आवश्यक है। लेकिन कार्यालय की एक महिला कर्मचारी उस क्षेत्र से गुज़रते समय कभी भी सुरक्षा चश्मा नहीं पहनती। मैंने उसे सुरक्षा चश्मा पहनने के लिए कहा है, लेकिन उसका कहना है कि क्योंकि वह उस क्षेत्र में कार्य नहीं करती, वहाँ से सिर्फ़ तेज़ी से गुज़रती है, इसलिए उसे सुरक्षा चश्मा पहनने की आवश्यकता नहीं है। क्या वह स्वीकार्य है?**

उ: इस प्रथा को स्वीकार नहीं किया जा सकता। उचित निजी सुरक्षा उपकरण (पीपीई) पहनने के मामले में कोई अपवाद नहीं है। अगली बार ऐसा होने पर कृपया यह बात उस व्यक्ति को समझा दें। यदि वह आवश्यकतानुसार सुरक्षा चश्मे पहनने से मना कर दे, तो आपको अपने सुपरवाइज़र के ध्यान में यह बात लानी चाहिए। फिर आपके सुपरवाइज़र को अपने सुपरवाइज़र से इस बारे में बात करनी चाहिए जिससे यह सुनिश्चित हो जाए कि असुरक्षित व्यवहार को सुधार दिया गया है।

---



## पर्यावरण का संरक्षण

Lubrizol स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरणीय और संरक्षा के उच्चतम मानकों के अनुसार परिचालन करने के लिए वचनबद्ध है और सुनिश्चित करता है कि इसके परिचालन सभी नियामक आवश्यकताओं का पालन करते हों। Lubrizol ऐसी निर्धारित प्रथाओं तथा प्रक्रियाओं के माध्यम से पर्यावरण की रक्षा करने का प्रयास करता है जो इसके परिचालनों के दैनिक प्रभाव को न्यूनतम करते हैं। Lubrizol अपने पर्यावरणीय प्रदर्शन में निरंतर सुधार करता है तथा प्रगति की जाँच करने के लिए आंतरिक और बाहरी लेखा-परीक्षाओं में भाग लेता है।

**पर्यावरण के संरक्षण के प्रति हमारी जवाबदेही और वचनबद्धता:**

- *हम अपने सुविधा केंद्रों के परिचालन और कचरे की उचित पहचान तथा उसके निपटान-संबंधी नीतियों का अनुपालन करते हैं।*
- *हम पर्यावरण आज्ञापत्रों और अन्य नियामक आवश्यकताओं के लिए सटीक तथा संपूर्ण जानकारी प्रदान करते हैं।*
- *हम पर्यावरणीय लक्ष्य निर्धारित करते हैं और उनकी ओर हुई प्रगति को मापते हैं।*
- *हम जोखिमों के प्रति सतर्क रहते हैं और यह समझते हैं कि प्रत्येक कर्मचारी प्रबंधन को स्वास्थ्य, सुरक्षा, पर्यावरण या सुरक्षा-संबधी किसी भी समस्या के बारे में सूचित करने के लिए बाध्य है।*
- *हम रिसावों, छलकनों या उत्सर्जनों की तुरंत सूचना देने के लिए उत्तरदायी हैं जिससे इन्हें तुरंत ठीक किया जा सके तथा भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।*
- *हम जानते हैं कि प्रतिशोध के डर के बिना कोई भी रिपोर्ट तैयार की जा सकती है।*




# व्यावसायिक सत्यनिष्ठा

Lubrizol अपने व्यवसाय और परिचालनों के सभी पहलुओं में सत्यनिष्ठा की माँग करता है। कर्मचारी और Lubrizol साझेदारों को ऐसे निर्णय लेने चाहिए और उन गतिविधियों में शामिल होना चाहिए जो Lubrizol की वचनबद्धताओं, नैतिक मूल्यों और व्यावसायिक लक्ष्यों के अनुरूप हों। यह Lubrizol की कठोर परिश्रम से बाज़ार में अर्जित प्रतिष्ठा को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

यहाँ व्यावसायिक सत्यनिष्ठा के प्रति Lubrizol की वचनबद्धता का समर्थन करने के महत्वपूर्ण कर्त्तव्यों की रूपरेखा दी गई है।

## परिसंपत्तियों की सुरक्षा

Lubrizol की परिसंपत्तियाँ दुनिया भर के कर्मचारियों के दशकों के कठिन परिश्रम और समर्पन का परिणाम हैं। ये परिसंपत्तियाँ Lubrizol की दीर्घकालिक सफलता के लिए महत्वपूर्ण हैं और इनमें विनिर्माण और अनुसंधान सुविधाएं, पूंजीगत उपकरण, कार्यालय, आपूर्तियां, कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर, पुर्जे, कच्चा माल और तैयार माल शामिल हैं। उनमें कर्मचारियों द्वारा उनके काम के दौरान Lubrizol के लिए बनाए गए बौद्धिक संपदा, व्यापार रहस्य और दस्तावेज भी शामिल हैं।

### गोपनीय जानकारी और बौद्धिक संपदा की सुरक्षा करना

गोपनीय सामग्री में ऐसी कई जानकारी शामिल हो सकती है जिन्हें Lubrizol बड़े पैमाने पर साझा नहीं करना चाहता, जैसे व्यावसायिक कार्यनीतियाँ, मूल्य निर्धारण और अनुबंध शर्तें या वित्तीय जानकारी। बौद्धिक संपदा में Lubrizol का नाम, ट्रेडमार्क, कॉपीराइट, सूत्रीकरण, ज्ञान और व्यापार रहस्य शामिल हैं।

# सुरक्षा

Lubrizol की सर्वाधिक संवेदनशील परिसंपत्तियों की रक्षा करने के लिए Lubrizol के दस्तावेज़ों और जानकारी को अनधिकृत रूप से हटाए जाने के संबंध में कंप्यूटर की गतिविधियों पर निगरानी रखी जाती है। ऐसे किसी भी उपयोग या उद्देश्य हेतु Lubrizol के दस्तावेज़ या जानकारी को अनधिकृत रूप से प्राप्त करने या उनकी प्रतियां बनाने का सख्ती से निषेध किया जाता है जिससे Lubrizol को प्रत्यक्ष लाभ नहीं मिलता और इसमें निजी उपयोग या किसी अन्य के साथ साझाकरण का प्रयोजन शामिल है।




*यदि Lubrizol की गोपनीय जानकारी को Lubrizol के नेटवर्क से बाहर ट्रांसमिट किया जाता है, तो यह एंक्रिप्टेड और/या गोपनीय के तौर पर चिह्नित होनी चाहिए। हालांकि Lubrizol-संबंधी सामग्री की सुरक्षा के प्रति आपका दायित्व सिर्फ गोपनीय जानकारी तक सीमित नहीं है। Lubrizol के लिए निर्मित प्रत्येक रिकॉर्ड, दस्तावेज़, डेटा सेट या फ़ाइल Lubrizol की संपत्ति है।*

Lubrizol की गोपनीय जानकारी को सुरक्षित रखने में आपकी एक महत्वपूर्ण भूमिका है। आपका दायित्व यह सुनिश्चित करना है कि:

- जानकारी को एक सुरक्षित स्थान पर रखा गया है जिससे इसके भूलवश या अनधिकृत प्रकटीकरण को रोका जा सके;
- इसे जमा करने, इस तक पहुँचने और इसे सुरक्षित रखने के लिए क्लाउड सर्विस सहित सिर्फ़ अधिकृत साधनों एवं सेवाओं का उपयोग किया जाता है;
- इस जानकारी तक की पहुँच सिर्फ उन लोगों के पास है जिन्हें इसे जानने की आवश्यकता है;
- इसे Lubrizol के बाहर प्रसारित करने से पूर्व एक गुप्त समझौते पर हस्ताक्षर किए जाते हैं; और
- अधिकृत उपयोग की अवधि समाप्त होने के बाद जानकारी को नष्ट कर दिया जाता है या इसे Lubrizol को लौटा दिया जाता है।

इसके अतिरिक्त, आपको ध्यान रखना चाहिए कि Lubrizol की गोपनीय जानकारी सहित अन्य संवेदनशील मुद्दों की चर्चा सार्वजनिक स्थानों पर या उन स्थानों पर कभी न की जाए जहाँ अन्य लोग इन्हें सुन सकते हैं।

Lubrizol अपनी बौद्धिक संपदा के अधिकारों की रक्षा करने के लिए सरकारी प्राधिकरणों के साथ उन्हें पंजीकृत करता है, उनके प्रकटीकरण को सीमित करने वाले समझौते करता है और अन्य लोगों द्वारा उनके दुरुपयोग पर रोक लगाता है। यदि आपको विश्वास है कि कोई Lubrizol की बौद्धिक संपदा का अनुचित उपयोग कर रहा है, तो आपको तुरंत विधिक टीम से संपर्क करना चाहिए। कृपया संपर्क की जानकारी के लिए इस संहिता का अंतिम पेज देखें।

## सूचना प्रणालियों की रक्षा करना

सूचना प्रणालियां ऐसी महत्वपूर्ण परिसंपत्तियां हैं जो उन धोखेबाज़ों द्वारा किए जाने वाले साइबरअटैक का निशाना बन सकती है जिनका उद्देश्य Lubrizol की जानकारी की चोरी करना या उसकी प्रणालियों और नेटवर्क को अक्षम करना है। इन प्रणालियों का उपयोग ज़िम्मेदारी से करने और इनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति आपकी एक अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका है।

आप निम्नलिखित रूप से Lubrizol की सूचना प्रणालियों की रक्षा करने में मदद कर सकते हैं:

- अपरिचित या संदिग्ध स्रोतों से मिले ईमेल में दिए गए हाइपरलिंक पर क्लिक न करें तथा संदिग्ध फ़ाइलें न खोलें;
- यदि Lubrizol की प्रणालियाँ किसी बाहरी खतरे के संपर्क में आती हैं, तो तुरंत इसके बारे में सूचना सुरक्षा टीम को सूचित करें;
- सूचना समाधान टीम द्वारा जारी किए गए अद्यतनों से कंप्यूटर तथा मोबाइल डिवाइस को नवीनतम स्थिति में बनाए रखें तथा इन्हें सुरक्षित रखने वाले सॉफ़्टवेयर या तकनीक को न कभी अक्षम करें और न ही उन्हें चकमा देने का प्रयास करें;
- कंप्यूटर, टैबलेट और मोबाइल डिवाइस को चोरी होने से महफ़ूज एवं सुरक्षित रखें; और
- अनोखे, मज़बूत पासवर्ड का उपयोग करें और इन्हें किसी के साथ साझा न करें।

## धोखेबाज़ी की पहचान करना और उसे रोकना

धोखेबाज़ी का खतरा कहीं से भी उत्पन्न हो सकता है–Lubrizol के अंदर से और उसके बाहर से भी। इसी कारण, Lubrizol धोखेबाज़ी की पहचान करने और उसे रोकने के लिए सख्त वित्तीय नियंत्रण और सूचना सुरक्षा प्रोटोकॉल बनाए रखता है। Lubrizol इन नियंत्रणों और प्रोटोकॉल को निरंतर बेहतर बनाने के लिए वचनबद्ध है, तथा आप इनका पालन करने के लिए उत्तरदायी हैं।

धोखेबाज़ी कई तरह से की जाती है और यह विभिन्न रूपों में दिखाई दे सकती हैं। इसके कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं:

- एक वैध Lubrizol साझेदार या आपूर्तिकर्ता को धोखा देने (ईमेल या टेलीफ़ोन नंबर के माध्यम से) के लिए उससे झूठे बैंक खातों में भुगतान करने के लिए कहना;
- नकली आपूर्तिकर्ता बनाना जिससे उन्हें अवैध भुगतान किया जा सके;
- इनवॉइस पर वस्तुओं या सेवाओं की अतिशयोक्ति करना;
- व्यय रिपोर्ट या टाइमशीट में हेरफेर करना; और
- उचित प्राधिकरण के बिना Lubrizol परिसंपत्तियाँ प्राप्त करना।

आपको संदिग्ध गतिविधि के लिए सतर्क रहना चाहिए और धोखेबाज़ी या किसी अन्याय का संदेह होने पर आपको आवाज़ उठानी चाहिए। यह याद रखना ज़रूरी है कि जिस बात का संदेह है या जिस गलत गतिविधि पर ध्यान गया है वह Lubrizol को हो चुकी कुल हानि का सिर्फ अंश मात्र हो सकता है। धोखेबाज़ी की सूचना जितनी जल्दी दी जाएगी, उतनी जल्दी Lubrizol इसकी हानियों को कम से कम करेगा या उनसे उबर पाएगा।

## Lubrizol की परिसंपत्तियों की सुरक्षा के प्रति हमारी जवाबदेही एवं वचनबद्धता:

- ***हम Lubrizol की गोपनीय जानकारी को अनधिकृत पहुँच से सुरक्षित रखने के लिए बनाई गई प्रथाओं का पालन करते हैं।***
- ***हम धोखाधड़ी की रोकथाम करने और उसका पता लगाने के लिए सतर्क रहते हैं और संदिग्ध गतिविधि की रिपोर्ट करते हैं।***
- ***हम Lubrizol की सूचना प्रणालियों का उपयोग ज़िम्मेदारी से करते हैं और उन्हें हमले से बचाने के लिए सूचना सुरक्षा प्रोटोकॉल एवं प्रक्रियाओं का पालन करते हैं।***

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्र: क्या मैं निजी ईमेल भेजने के लिए अपने Lubrizol कंप्यूटर का उपयोग कर सकता/सकती हूँ?**

उ: आप निजी संचार के लिए Lubrizol की सूचना प्रणालियों का उपयोग कर सकते हैं यदि यह उपयोग उचित और सीमित है एवं आपके कार्य-संबंधी ज़िम्मेदारियों में हस्तक्षेप नहीं करता। स्वीकृत उपयोगों में अतिरिक्त व्यावसायिक गतिविधियाँ शामिल नहीं हैं। किसी भी Lubrizol परिसंपत्ति, जैसे कि एक कंप्यूटर, कॉपी मशीन या फ़ोन का उपयोग बाहरी रोज़गार के लिए नहीं किया जा सकता।

---

**प्र: मैं Lubrizol छोड़ रहा/रही हूँ और मेरे कंप्यूटर में ऐसे बहुत से निजी दस्तावेज़ एवं फ़ोटो हैं जिन्हें मैं अपने साथ ले जाना चाहता/चाहती हूँ। क्या ऐसा कोई तरीका है जिससे मैं खतरे का डर पैदा किए बिना यह काम कर सकता/सकती हूँ?**

उ: Lubrizol की परिसंपत्तियों को अनधिकृत रूप से हटाए जाने से रोकने के लिए Lubrizol की प्रणालियों की निगरानी की जाती है। इसलिए, यदि आपके पास ऐसे निजी दस्तावेज़ हैं जिन्हें आप सिस्टम से हटाना चाहते हैं, तो आपको पहले अपने सुपरवाइज़र से इस बारे में बात करनी चाहिए कि आप किन चीज़ों की प्रति बनाना चाहते हैं। सुपरवाइज़र द्वारा अनुमोदित होने के बाद आपको उचित रूप से अपनी निजी फ़ाइलों के हस्तांतरण में सहयोग के लिए समाधान केंद्र से संपर्क करना चाहिए।

---

**प्र: हाल ही में मेरे एक सहकर्मी ने मुझे बताया कि वह Lubrizol के दस्तावेज़ तथा अन्य रिकॉर्ड अपने निजी क्लाउड स्टोरेज में लेकर गया है, क्योंकि इस बाहरी साइट से फ़ाइलें एक्सेस करना उसके लिए अधिक सुविधाजनक है। क्या ऐसा करना ठीक है?**

उ: किसी भी स्थिति में Lubrizol नेटवर्क के बाहर Lubrizol दस्तावेज़ों को सेव करने की अनुमति नहीं है जब तक इसे समाधान केंद्र द्वारा प्राधिकृत न किया जाए। यदि आपको Lubrizol नेटवर्क में काम करने में समस्या आ रही है, तो सहयोग के लिए समाधान केंद्र से संपर्क करें।

---

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्र: मैं एक Lubrizol सहायक कंपनी में कार्यरत हूँ। एक संभावित नए आपूर्तिकर्ता की माँग है कि हम Lubrizol को एक नए ग्राहक के रूप में योग्य बनाने के लिए उसकी प्रक्रिया के भाग के रूप में सहायक कंपनी की वित्तीय जानकारी प्रदान करें। क्या मैं यह वित्तीय जानकारी प्रदान कर सकता/सकती हूँ?**

उ: Lubrizol की वित्तीय जानकारी गोपनीय है और आम तौर पर साझा नहीं की जाती है। यदि आपका विश्वास है कि इस स्थिति में वित्तीय जानकारी साझा करने का एक उचित व्यावसायिक कारण है, तो आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि यह जानकारी साझा करने से पहले नए आपूर्तिकर्ता द्वारा एक गैर-प्रकटीकरण समझौते पर हस्ताक्षर करवा लिए जाएँ। सहयोग के लिए आपको विधिक टीम से संपर्क करना चाहिए। कृपया संपर्क की जानकारी के लिए इस संहिता का अंतिम पेज देखें।

---

**प्र: मुझे एक आपूर्तिकर्ता से एक ईमेल मिला है जिसमें भुगतानों के लिए बैंकिंग विवरण बदलने के लिए निर्देश दिए गए हैं। ऐसा लगता है कि यह ईमेल आपूर्तिकर्ता के स्थान पर मेरे सामान्य व्यावसायिक संपर्क से आया है। क्या मैं अपने रिकॉर्ड में बदलाव कर सकता/सकती हूँ?**

उ: **हीं।.** यह ईमेल झूठा हो सकता है। अक्सर धोखेबाज़ी किसी ऐसे व्यक्ति द्वारा शुरू की जाती है जो किसी अन्य कंपनी के ईमेल सिस्टम की अनधिकृत पहुँच प्राप्त कर लेता है या किसी अन्य व्यक्ति के ईमेल पते की जालसाज़ी करता है। आपको वेंडर मास्टर से संपर्क करना होगा, जो निर्देशों के वैध होने की पुष्टि करने के लिए डिज़ाइन किए गए नियंत्रित चरणों के एक सेट का पालन करेगा। आपूर्तिकर्ता के साथ अपनी बातचीत में, आपूर्तिकर्ता के केवल उसी टेलीफोन नंबर का उपयोग करें जो SAP में फ़ाइल पर है या अन्य Lubrizol रिकॉर्ड में दर्ज है। ***ऐसे टेलीफोन नंबर का उपयोग न करें जो आपको मिले ईमेल में दिया गया है क्योंकि यह नंबर भी झूठा हो सकता है।*** यदि आपने पाया कि यह अनुरोध झूठा है, तो अपने निगमित नैतिकता कार्यालय या अपने स्थानीय नैतिकता नेतृत्वकर्ता से संपर्क करें।

---

**प्र: क्या कर्मचारी उन पुरानी परिसंपत्तियों को ले जा सकते हैं जिन्हें Lubrizol अब और उपयोग नहीं करता है?**

उ: नहीं। भले ही Lubrizol की संपत्ति टूट गई हो, उपयोग की गई हो या उपयोग से हट गई हो, उपयुक्त साइट लीडर की अनुमति के बिना नहीं हटाई जानी चाहिए। कार्यालय की उपयोग की गई सामग्री या कार्यालय के उपयोग किए गए फर्नीचर को, जिसे साइट प्रबंधन ने दान करने या त्यागने का निर्णय लिया है प्रबंधन इन वस्तुओं को कर्मचारियों को लेने के लिए उपलब्ध करा सकता है। यह न्याय-संगत और निष्पक्ष आधार पर किया जाना चाहिए (उदाहरण के लिए, रैफ़ल के माध्यम से या पहले आएं पहले पाएं के आधार पर) ताकि सभी कर्मचारियों को आइटम लेने का समान मौका मिले।

---




# हितों के टकराव

Lubrizol हमेशा अपने कर्मचारियों एवं Lubrizol साझेदारों पर उसके सर्वश्रेष्ठ हितों के लिए कार्य करने के लिए निर्भर करता है। हित का टकराव ऐसा कोई भी बाहरी हित है जो व्यक्ति के काम करने की क्षमता में हस्तक्षेप करता है। बुरे व्यावसायिक निर्णयों का संभावित परिणाम देने के अतिरिक्त, हित के टकराव के कारण ग्राहकों, उपभोक्ताओं तथा अन्य हितधारकों के भरोसे की हानि भी हो सकती है।

हितों के टकराव कई प्रकार से उत्पन्न हो सकते हैं, तथा आपको हमेशा इस पर विचार करना चाहिए कि क्या कोई परिस्थिति Lubrizol के सर्वश्रेष्ठ हित में कार्य करने की आपकी क्षमता को कमज़ोर कर देगी या कमज़ोर करने का आभास देगी। यदि किसी बाहरी व्यक्ति को ऐसा प्रतीत हो कि किसी निजी हित के कारण Lubrizol के लिए सही निर्णय लेने की आपकी क्षमता खतरे में पड़ रही है, तो यह एक समस्या है। हितों का टकराव उत्पन्न करने वाली प्रत्येक परिस्थिति की—टकराव के आभास की भी—सूचना निगमित नैतिकता कार्यालय को देनी चाहिए ताकि इसका समाधान किया जा सके, भले ही इसे संहिता के इस अनुभाग में सूचीबद्ध न किया गया हो या इसकी व्याख्या न की गई हो।

नीचे कुछ बाहरी गतिविधियों पर चर्चा की गई है जहां टकराव उत्पन्न हो सकते हैं। कुछ को प्रकटीकरण की आवश्यकता होती है: (तालिका 1.1 देखें), जबकि दूसरों को पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता होती है (तालिका 1.2 देखें)।

***बाहरी रोज़गार को Lubrizol से अलग रखना***

*आप निम्नलिखित तरीकों से हितों के टकराव को रोक सकते हैं:*

- *आपके बाहरी रोज़गार के लिए कार्य घंटों या परसिंपत्तियों, जैसे Lubrizol ईमेल, प्रतियाँ बनाने की मशीनें या कंप्यूटर, का उपयोग न करना।*
- *आपकी बाहरी गतिविधि से उत्पादों या सेवाओं का प्रचार Lubrizol में या Lubrizol के कर्मचारियों, ग्राहकों या अपूर्तकिारों में न करना; और*
- *Lubrizol में आपके पद का उपयोग आपकी बाहरी गतिविधि के प्रचार के लिए न करना।*

कृपया आवश्यक प्रकटीकरण और अनुमोदनों के सारांश के लिए इस अनुभाग के अंत में तालिका 1.1 और 1.2 देखें।

## अतिरिक्त व्यवसाय एवं अन्य बाहरी रोज़गार

टकराव उस स्थिति में उत्पन्न हो सकते हैं जब कर्मचारी किसी अतिरिक्त व्यवसाय का मालिक हो या Lubrizol के बाहर कहीं नौकरी करता हो। इसमें किसी अन्य व्यवसाय के लिए सलाहकार, अनुबंधकर्ता या कर्मचारी के रूप में कार्य करना या अन्य व्यवसाय के मंडल में सेवाएँ देना शामिल है, चाहे पद के भुगतान किया जाता हो या न किया जाता हो। बाहरी रोज़गार का स्वतः मतलब हित का टकराव नहीं होता, लेकिन इसे Lubrizol के लिए किए जाने वाले कार्य से अलग रखना आवश्यक है। तालिका 1.2 में बाहरी रोज़गार के वे प्रकार देखें जिनके लिए निगमित नैतिकता कार्यालय के पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता है।

## विशेषज्ञ गवाह की नियुक्तियाँ

विधिक टीम के पूर्व अनुमोदन के बिना कर्मचारी को सलाह या प्रमाण देने वाले विशेषज्ञ गवाह के रूप में कार्य नहीं करना चाहिए।

## निवेश

निजी वित्तीय निवेश वे अन्य क्षेत्र हैं जहाँ हितों के टकराव उत्पन्न हो सकते हैं। आपको कभी भी ऐसे निजी वित्तीय निवेश नहीं करने चाहिए जो Lubrizol के लिए आपके कार्य में लिए गए निर्णयों को प्रभावित करते हों—या प्रभावित करने का आभास देते हों। तालिका 1.2 में निवेशों के कुछ उदाहरण देखें जिनके लिए निगमित नैतिकता कार्यालय के पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता है।

## खरीदारी-संबंधी निर्णय

Lubrizol की ओर से लिए गए खरीदारी-संबंधी निर्णय हमेशा आवश्यकता, मूल्य, गुणवत्ता, सेवा एवं आपूर्ति-संबंधी क्षमताओं पर आधारित होने चाहिए। आपको कभी भी किसी भी आपूर्तिकर्ता से ऐसी किसी भी वस्तु का न अनुरोध करना चाहिए और न ही उसे प्राप्त करना चाहिए जो संहिता का उल्लंघन करती हो। आपको Lubrizol के लिए ऐसा कोई खरीदारी-संबंधी निर्णय नहीं लेना चाहिए जो किसी निजी हित द्वारा प्रेरित हो या किसी निजी हित के कारण किसी अन्य व्यक्ति पर खरीदारी-संबंधी निर्णय लेने का दबाव नहीं डालना चाहिए।

***व्यावसायिक अवसर***

*Lubrizol के लिए अपने कार्य के माध्यम से, आप Lubrizol के संभव हितों के किसी व्यावसायिक या निवेश-संबंधी अवसर की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। यह जानकारी Lubrizol की परिसंपत्ति मानी जा सकती है। इस पर निजी रूप से या आपके किसी बाहरी रोज़गार के माध्यम से कार्रवाई करने से पहले निगमित नैतिकता कार्यालय से अनुमोदन प्राप्त करने की आवश्यकता है।*

***किस समय परिवार के किसी सदस्य या मित्र के साथ संबंध इतना घनिष्ठ हो सकता है कि वह संहिता के तहत हितों के टकराव का कारण बन जाए?***

*यदि किसी निष्पक्ष प्रेक्षक को यह प्रतीत हो कि आपके परिवार के किसी सदस्य या किसी मित्र से आपके संबंध के कारण आप ऐसे निर्णय ले सकते हैं या कार्रवाई कर सकते हैं जो Lubrizol के सर्वश्रेष्ठ हितों में नहीं है, तो ऐसा संबंध कम से कम एक टकराव का आभास तो देता है तथा इसकी सूचना निगमित नैतिकता कार्यालय को प्रदान की जानी चाहिए।*

कृपया आवश्यक प्रकटीकरण और अनुमोदनों के सारांश के लिए इस अनुभाग के अंत में तालिका 1.1 और 1.2 देखें।





## परिवार एवं मित्र

कुछ परिस्थितियों में, आपके कार्य के बाहर के संबंध Lubrizol के हितों से टकरा सकते हैं। ऐसा उस स्थिति में हो सकता है जब आपके परिवार का कोई सदस्य या घनिष्ठ मित्र किसी Lubrizol ग्राहक, आपूर्तिकर्ता, प्रतिस्पर्धी, Lubrizol साझेदार के लिए कार्य करता हो। इस कारण, आपको निम्नलिखित नहीं करना चाहिए:

- परिवार के किसी सदस्य या घनिष्ठ मित्र को Lubrizol को सेवाएँ प्रदान करने के लिए नियुक्त करना;
- परिवार के किसी सदस्य या घनिष्ठ मित्र को शामिल करने वाले कार्य की समीक्षा या अनुमोदन करना; या
- ऐसे निर्णय लेना या उन्हें प्रभावित करना जो परिवार के किसी सदस्य या घनिष्ठ मित्र को लाभ पहुँचा सकते हैं।

यदि परिवार का कोई सदस्य या घनिष्ठ मित्र किसी प्रतिस्पर्धी के लिए कार्य करता है, तो आपको उनके साथ गोपनीय जानकारी पर चर्चा न करने के बारे में सावधान रहना चाहिए।

## निजी मित्रता / प्रेम संबंध

जब कार्यक्षेत्र में निजी मित्रता या प्रेम संबंध बनते हैं, तो ये हितों के टकराव के कारण बन सकते हैं। ऐसे संबंध अन्य कर्मचारियों को असहज, अवांछित या अपमानित अनुभव कराने के कारण नहीं बनने चाहिए। किसी सुपरवाइज़र का अपनी प्रबंधन कड़ी में किसी मातहत या अन्य कर्मचारी से प्रेम संबंध नहीं हो सकता है, तब भी जब वह संबंध स्वैच्छिक एवं वांछित हो। इसमें शामिल सुपरवाइज़र को इस संबंध की सूचना निगमित नैतिकता कार्यालय को उसके विकसित होते ही प्रदान करनी चाहिए।

***रदर्शिता***

*पारदर्शी व्यवहार ही हितों के टकराव या टकराव के आभास से बचने का मुख्य उपाय है। प्रकटीकरणों तथा अनुमोदन के अनुरोधों के माध्यम से आप ऐसा संवाद कर सकते हैं जो स्पष्टता सुनिश्चित करता हो और समस्याओं को उत्पन्न होने से रोकता हो।*

## परोपकारी गतिविधियाँ एवं सहभागिताएँ

Lubrizol सभी कर्मचारियों को उन समुदायों में स्वेच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करता है जहाँ यह परिचालन करता है एवं इसके कर्मचारी रहते और कार्य करते हैं।

निजी तौर पर परोपकारी गतिविधियों में शामिल कर्मचारियों को ऐसा सही तरीके से करना चाहिए। यद्यपि निधि संचयन स्वेच्छा कार्यों का एक महत्वपूर्ण भाग हो सकता है, लेकिन कर्मचारी कार्यक्षेत्र में दूसरों से इसका सीधा अनुरोध नहीं कर सकते। सीधे अनुरोधों से सहकर्मी योगदान करने का दबाव अनुभव कर सकते हैं तथा यदि इन्हें किसी व्यावसायिक दिन पर किया जाए, तो सीधे अनुरोधों के कारण उस समय एवं संसाधनों का उपयोग होता है जिनका उपयोग Lubrizol के व्यवसाय के लिए जाना चाहिए।

यह प्रतिबंध कर्मचारियों को उन निजी तौर पर की जाने वाली परोपकारी गतिविधियों के बारे में जानकारी प्रदान करने के लिए बुलेटिन बोर्ड या सामान्य क्षेत्रों के उपयोग से नहीं रोकता जिनका वे समर्थन करते हैं, जैसे स्वैच्छिक अवसर तथा बिक्री के लिए अनुदान संचयन वस्तुएँ। सामान्य क्षेत्रों का उपयोग करने और दूसरों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क न बनाने से, सहकर्मी किसी दबाव के बिना यह तय कर सकते हैं कि क्या वे वाकई योगदान या स्वैच्छिक सेवाएँ प्रदान करना चाहते हैं।

### हितों के टकराव से बचने के लिए हमारी जवाबदेही एवं वचनबद्धता:

- ***हम कभी भी Lubrizol के लिए कोई भी ऐसा निर्णय नहीं लेते जो निजी हित द्वारा प्रेरित हो।***
- ***हम इस पर विचार करते हैं कि क्या हमारी बाहरी गतिविधियाँ Lubrizol के सर्वश्रेष्ठ हित में कार्य करने की हमारी क्षमता को खतरे में डालती है।***
- ***हम सुनिश्चित करते हैं कि हम अपने बाहरी रोजगार को अलग रखें और यह Lubrizol के लिए हमारे कार्य का विरोध न करे।***
- ***हम Lubrizol के लिए परिवार के किसी सदस्य या घनिष्ठ मित्र के कार्य में न शामिल होते हैं, न उसकी समीक्षा करते हैं और न ही उसे अनुमोदित करते हैं।***
- ***हम ऐसे कर्मचारियों का पर्यवेक्षण नहीं करते जिनके साथ हमारे निजी या प्रेम संबंध हैं, तथा ऐसे किसी संबंध के विकसित होते ही तुरंत परिस्थिति की सूचना निगमित नैतिकता कार्यालय को प्रदान करते हैं।***
- ***हम हमारे द्वारा समर्थित परोपकारी गतिविधियों के लिए अन्य कर्मचारियों से सीधे अनुरोध नहीं करते।***
- ***जब हम संहिता द्वारा समर्थित किसी मामले के बारे में अनिश्चित होते हैं, तो हम अपने पर्यवेक्षक, निगमित नैतिकता कार्यालय या स्थानीय नैतिकता नेतृत्वकर्ता से मार्गदर्शन मांगते हैं।***

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्र: मैं कई वर्षों से Lubrizol में कार्यरत हूँ। अपने करियर के दौरान एक ऐसे आपूर्तिकर्ता से मेरे मैत्री संबंध बन गए हैं जो मेरी टीम को सेवाएँ प्रदान करता है। हम नियमित रूप से रात्रि भोजन के लिए मिलते हैं और हमारे परिवारों ने साथ में कुछ छुट्टियाँ भी बिताई हैं। क्या इसे हितों के टकराव की नीति के तहत "घनिष्ठ मित्रता" माना जाएगा?**

उ: यह स्पष्ट है कि व्यावसायिक संपर्कों के साथ मैत्री संबंध बन सकते हैं। लेकिन जब यह संबंध इतना घनिष्ठ हो जाए कि यह निष्पक्ष होकर कार्य करने की आपकी क्षमता पर अन्य लोगों को प्रश्न करने का अवसर दे सके, जो इस स्थिति में प्रतीत हो रहा है, तब इसे Lubrizol की नीति के तहत "घनिष्ठ मित्रता" माना जाएगा। आपको इस संबंध का प्रकटीकरण अपने सुपरवाइज़र एवं निगमित नैतिकता कार्यालय को करना चाहिए। इस आपूर्तिकर्ता के साथ किसी अन्य Lubrizol कर्मचारी को व्यवहार करने का उत्तरदायित्व लेना पड़ सकता है।

---

**प्र: मैं Lubrizol व्यापार समूह में एक उत्पाद प्रबंधक हूं जो व्यक्तिगत देखभाल वाले उत्पादों के लिए सामग्री मुहैया करता है। मुझे एक स्टार्ट-अप कंपनी के लिए परामर्श देने के लिए कहा गया है जो व्यक्तिगत देखभाल वाले उत्पादों के लिए वैसी सामग्रियों की आपूर्ति करने का इरादा रखती है जो Lubrizol के ग्राहकों द्वारा बेचे जाने वाले उत्पादों से अलग है। क्या यह स्वीकार करने लायक होगा?**

उ: ज़्यादा जानकारी के बिना इस प्रश्न का उत्तर देना कठिन है। आशंका की बात यह है कि आप रसायन उद्योग में किसी अन्य कंपनी के साथ परामर्श कर रहे होंगे और Lubrizol की जानकारी का उपयोग किए बिना ऐसा करने में असमर्थ होंगे। साथ ही, आप क्लाइंट के प्रति अपने दायित्वों को पूरा करते हुए Lubrizol के सर्वोत्तम हित में कार्य करने में असमर्थ हो सकते हैं।

---

**प्र: मुझे एक बाज़ार शोध कंपनी के लिए सलाहकार के रूप में कार्य करने का अवसर दिया गया है। यह कंपनी एक ऐसे क्षेत्र में शोध कर रही है जो Lubrizol के लिए मेरे कार्य से संबंधित है, लेकिन उन्होंने मुझे आश्वासन दिया है कि मुझे Lubrizol के प्रति मेरे किसी भी गोपनीयता दायित्वों का उल्लंघन करने के लिए नहीं कहा जाएगा। क्या मैं यह प्रस्ताव स्वीकार कर सकता/सकती हूँ?**

उ: इस प्रकार के प्रस्ताव मिलना आम बात है और इन्हें स्वीकार नहीं करना चाहिए। बाज़ार शोधकर्ता अक्सर ऐसी कंपनियों के लिए कार्य करते हैं जिन्हें प्रतिस्पर्धात्मक समझ की तलाश रहती है। Lubrizol में कार्य करते हुए आपने जो विशिष्ट ज्ञान प्राप्त किया है, शायद उसी कारण से आपसे संपर्क किया गया। यह संभव है कि आपके द्वारा प्रदान की गई जानकारी तथा अन्य शोध इकट्ठा करने वाली यह कंपनी वास्तव में Lubrizol की विरोधी कंपनी के लिए जानकारी इकट्ठा कर रही हो। यह आश्वासन देने के बाद भी कि आपको किसी गोपनीय जानकारी का प्रकटन करने के लिए नहीं कहा जाएगा, ऐसा हो सकने की उच्च संभावना है कि यह बाज़ार शोध कंपनी आपको ऐसी स्थिति में डाल दे जहाँ Lubrizol की जानकारी साझा किए बिना आप बाज़ार की इस शोध कंपनी के प्रति अपने दायित्व निभाने में असमर्थ हों।

---

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्र: मैं एक ऐसी स्टार्ट-अप कंपनी के लिए अकाउंट मैनेजर के रूप में कार्यरत हूँ जो Lubrizol से उत्पाद खरीदती है। उन्होंने मुझे उनकी कंपनी में एक छोटा वित्तीय निवेश करने के बारे में एक प्रस्ताव दिया है। मेरे लिए यह निवेश राशि मामूली है। क्या मैं आगे की कार्रवाई कर सकता/सकती हूँ?**

उ: आपको यह निवेश नहीं करना चाहिए, भले ही निवेश की राशि आपके लिए मामूली क्यों न हो। ग्राहक के लिए अकाउंट मैनेजर के रूप में कार्यरत होने के कारण, आप कंपनी की सफ़लता को प्रभावित करने में सक्षम हैं और अपने व्यक्तिगत वित्तीय हित के कारण आप अपने निवेश के पक्ष में ऐसे निर्णय ले सकते हैं जो Lubrizol के लिए हानिकारक सिद्ध हो सकते हैं।

## तालिका 1.1

### प्रकटीकरण की आवश्यकता कब होती है

आप किसी ऐसे ग्राहक या आपूर्तिकर्ता के संबंध में निर्णय लेते हैं या उन्हें प्रभावित करते हैं जिसने परिवार के किसी सदस्य या घनिष्ठ मित्र को नियुक्त किया हुआ है या वह इसका मालिक है। यह प्रकटीकरण उस स्थिति में भी आवश्यक है जब आपके परिवार का सदस्य या मित्र Lubrizol के साथ किसी भी व्यावसायिक व्यवहार में शामिल नहीं है।

आपके परिवार का कोई सदस्य या आपका कोई घनिष्ठ मित्र Lubrizol की प्रतिस्पर्धी कंपनी के लिए कार्य करता है या उस कंपनी का मालिक है।

आप एक सुपरवाइज़र हैं और ऐसे किसी व्यक्ति के साथ घनिष्ठ मैत्री या प्रेम संबंध बना लेते हैं, जो आपके प्रबंधन शृंखला की अपरोक्ष रिपोर्ट करता है।

आप ऐसा बाहरी हित या ऐसा व्यक्तिगत संबंध बनाते हैं जिसमें हितों का टकराव उत्पन्न करने या इसका आभास देने की क्षमता है।

## तालिका 1.2

### जब पूर्व अनुमोदन की आवश्यकता हो

निम्नलिखित से बाहरी रोज़गार स्वीकार करने से पहले:

- कोई प्रतिस्पर्धी, ग्राहक या आपूर्तिकर्ता;
- रसायन उद्योग में कोई अन्य कंपनी;
- कोई ऐसी कंपनी जो Lubrizol से उत्पाद या सेवाएँ खरीदती है या जिससे Lubrizol उत्पाद या सेवाएँ खरीदता है; या
- एक ऐसी कंपनी जो आपको इसलिए नियुक्त करना चाहती है जिससे Lubrizol में आप जिस ज्ञान एवं कौशल का उपयोग करते हैं, वह भी उनका उपयोग कर सके।

आप खुद कोई ऐसा व्यवसाय शुरू करने से पहले जिसकी Lubrizol के साथ या Lubrizol के ग्राहक या आपूर्तिकर्ता के साथ प्रतिस्पर्धा करने की संभावना है या जो Lubrizol द्वारा बेचे या खरीदे गए उत्पादों या सेवाओं से संबंधित हो।

किसी ऐसे व्यवसाय में भौतिक वित्तीय निवेश करने से पहले जो Lubrizol के साथ व्यवसाय करता है या करना चाहता है या Lubrizol के साथ प्रतिस्पर्धा करता है।

> "भौतिक वित्तीय निवेश" एक ऐसा निवेश है जिसके कारण व्यवसाय की सफलता में आपका महत्वपूर्ण हित निहित होता है।
>
> सार्वजनिक रूप से ट्रेड करने वाले स्टॉक के अधिग्रहण के लिए अनुमोदन की आवश्यकता नहीं है।

परामर्शी या प्रमाण देने वाले विशेषज्ञ गवाह के रूप में सेवाएँ प्रदान करने के लिए सहमत होने से पहले विधिक टीम से संपर्क करें।





## सटीक एवं संपूर्ण रिकॉर्ड

सत्यनिष्ठा के लिए Lubrizol की वचनबद्धता हेतु आवश्यक है कि Lubrizol के प्रत्येक लेन-देन के लिए दस्तावेज़ सटीक और पूर्ण हों और व्यवसाय के लेखांकन से जुड़े बही-खाते और रिकॉर्ड ऐसे लेन-देन को निष्पक्ष और सटीक रूप से दर्शाते हों। यह आवश्यकता Lubrizol के लिए निर्मित सभी लिखित एवं इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड या रिपोर्ट पर लागू होती है।

यह सूची संपूर्ण नहीं है, लेकिन व्यावसायिक रिकॉर्ड के कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं:

- वाणिज्यिक – अधिप्राप्ति, बिक्री और आपूर्ति श्रृंखला गतिविधि के रिकॉर्ड;
- वित्त – आय, व्यय एवं करों के रिकॉर्ड;
- HSES – पर्यावरणीय निगरानी निरीक्षणों, सुरक्षा एवं व्यावसायिक स्वास्थ्य परिचालनों, उत्पाद डेटा शीट और विज्ञापन देने के रिकॉर्ड;
- मानव संसाधन – कर्मचारी वेतन, कार्यकाल अवधि एवं छुट्टियों के रिकॉर्ड; और
- परिचालन – उपकरण कार्य, रखरखाव एवं अन्य संयंत्र
- परिचालन, प्रयोगशाला एवं परीक्षण डेटा तथा शोध एवं विकास रिकॉर्ड के रिकॉर्ड।

जानबूझकर गलत जानकारी वाले व्यावसायिक रिकॉर्ड बनाना या रिकॉर्ड में महत्वपूर्ण जानकारी को छोड़ देना, मिथ्याकरण है जो कि संहिता का गंभीर उल्लंघन है।

मिथ्याकरण के कई रूप हो सकते हैं। इसके कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं:

- किसी व्यक्ति से अनुमति लिए बिना उसके हस्ताक्षर करना;
- किसी ऐसी घटना की पुष्टि करना जो कभी घटी ही नहीं;
- किसी परीक्षण रिपोर्ट में संख्याओं के बदलाव को उचित ठहराने के लिए डेटा प्रस्तुत न करते हुए ऐसा बदलाव कर देना;
- किसी दस्तावेज़ की सही निर्माण तारीख के स्थान पर गलत तारीख लिखना;
- टाइमशीट पर गलत कार्य घंटों का उल्लेख करना; या
- व्यावसायिक साझेदार समीक्षा प्रक्रिया से बचने के लिए किसी वितरक को ग्राहक बनाकर प्रस्तुत करना।

**सटीक और संपूर्ण रिकॉर्ड के प्रति हमारी जवाबदेही एवं वचनबद्धता:**

- *हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे द्वारा बनाए गए या स्वीकृत किए गए सभी रिकॉर्ड और रिपोर्ट पूर्ण और सटीक हों।*
- *रिकॉर्ड की सटीकता के बारे में संदेह होने पर हम प्रश्न पूछते हैं।*
- *किसी रिकॉर्ड या रिपोर्ट के गलत होने का संदेह होने पर हम आवाज़ उठाते हैं।*

## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

***प्र: मेरे सुपरवाइज़र ने मुझे एक बैच शीट पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा जो इस बात की पुष्टि करता है कि सभी आवश्यक परीक्षण किए जा चुके हैं, जबकि मुझे पता है कि कुछ परीक्षण पूरे नहीं किए गए थे। यदि मैं सुपरवाइज़र के निर्देशानुसार कार्य करूँ, तो क्या यह सही होगा?***

उ: नहीं, जिस व्यावसायिक रिकॉर्ड के बारे में आपको पता है कि वह गलत है, उस पर हस्ताक्षर करना या उसे अनुमोदित करना किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। यदि आपके सुपरवाइज़र को रिकॉर्ड गलत होने की बात पता है और फिर भी वे आपको उसे अनुमोदित करने का निर्देश दे रहे हैं, तो यह भी संहिता का उल्लंघन है। आपको अपने सुपरवाइज़र से अपनी आशंका के बारे में बात करनी चाहिए। हो सकता है यहाँ कोई ग़लतफ़हमी हो जिसे स्पष्ट किया जा सके। यदि आपके अनुसार यह विकल्प मौजूद नहीं है, तो अपनी आशंका की रिपोर्ट अपने स्थानीय नैतिकता नेतृत्वकर्ता या निगमित नैतिकता कार्यालय में करें जिससे इस समस्या का समाधान हो सके।

***प्र: हमने एक ऐसे क्षेत्र के लिए एक नए वितरक की पहचान की है जहाँ हमें एक भरोसेमंद व्यावसायिक साझेदार मिलने में परेशानी हो रही है। हम उनके साथ "ट्रायल के आधार पर" व्यवसाय करके यह देखना चाहते हैं कि क्या वे हमारी आवश्यकताओं को पूरा कर पाएँगे। इसे करने के लिए, सबसे पहले हम उन्हें ग्राहक के रूप में प्रस्तुत करना चाहते हैं और बाद में हमारी व्यावसायिक साझेदार समीक्षा नीति के तहत उन्हें वितरक बनाने के लिए अनुमोदन का अनुरोध करेंगे। क्या इसमें कोई समस्या हैं?***

उ: यह एक समस्या है। Lubrizol की व्यावसायिक साझेदार समीक्षा नीति के तहत, इससे पहले कि Lubrizol आपके द्वारा नियुक्त किए गए बिक्री प्रतिनिधियों—वितरक सहित—के साथ कोई भी व्यवसाय करे, आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि उन सभी ने पृष्ठभूमि जाँच तथा नैतिकता प्रशिक्षण पूरे कर लिए हों। यह अत्यंत महत्वपूर्ण है क्योंकि बाज़ार में एक वितरक Lubrizol का प्रतिनिधित्व कर रहा है। व्यावसायिक साझेदार समीक्षा प्रक्रिया को यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार किया गया है कि वितरक का नैतिकता या कानूनी उल्लंघनों का कोई इतिहास नहीं है तथा यह कि वितरक Lubrizol के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करते समय Lubrizol की आवश्यकताओं को समझता है। यदि आप जानबूझकर किसी वितरक को एक ग्राहक के रूप में वर्गीकृत करते हैं, तो एक अच्छा व्यावसायिक कारण प्रतीत होने के बावजूद, आप एक व्यावसायिक रिकॉर्ड को गलत साबित करते हैं तथा संहिता एवं व्यावसायिक साझेदार समीक्षा नीति का उल्लंघन करते हैं।



# दूसरों के साथ संबंध

Lubrizol अपने ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं तथा अन्य हितधारकों के साथ अपने संबंधों को महत्व देता है तथा वैध, ईमानदार एवं खुले व्यावसायिक प्रथाओं पर ज़ोर देता है। दूसरों के साथ ईमानदार एवं सत्यनिष्ठ व्यवहार पर ज़ोर देकर, Lubrizol ऐसे मज़बूत तथा भरोसेमंद संबंध विकसित करता है जो इसके व्यावसायिक उद्देश्यों को पाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

दूसरों के साथ Lubrizol के संबंधों के बारे में नीतियों एवं नियमों का सविस्तार विवरण यहाँ दिया गया है।



## उपहार, मनोरंजन, यात्रा एवं अनुरोध

सही परिस्थितियों में, व्यावसायिक सहयोगियों को साधारण उपहार देना या उनसे लेना, साथ में भोजन करना या किसी समारोह में भाग लेना सराहना व्यक्त करने का एक विचारपूर्ण तरीका हो सकता है तथा इससे दूसरों के साथ Lubrizol के संबंध मज़बूत करने में मदद मिल सकती है। हालाँकि, यह सुनिश्चित करने के लिए ध्यान रखना चाहिए कि Lubrizol की ओर से दी गई या स्वीकार की गई वस्तु उचित है।

यहाँ दी गई नीति का उद्देश्य यह स्पष्ट करना है कि इस बारे में किस तरह से निर्णय लिया जाए कि क्या उचित है और किसके लिए अनुमोदन की आवश्यकता है। **यह ध्यान में लेना महत्वपूर्ण है कि सरकारी अधिकारियों से व्यवहार करते समय अतिरिक्त आवश्यकताएँ लागू होती हैं।** अतिरिक्त जानकारी के लिए. "सरकारी अधिकारियों को दिए जाने वाले उपहार, मनोरंजन या यात्रा" में तालिका 1.3, 1.4 और 1.5 देखें। यदि आप इन आवश्यकताओं के बारे में अभी भी आश्वस्त नहीं हैं, तो मार्गदर्शन के लिए आपको निगमित नैतिकता कार्यालय से संपर्क करना चाहिए।

कृपया आवश्यक प्रकटीकरण और अनुमोदनों के सारांश के लिए इस अनुभाग के अंत में तालिका 1.3, 1.4 और 1.5 देखें।

## उपहार

उपहार ऐसी किसी भी मूल्य युक्त वस्तु को कहते हैं जिसे किसी व्यावसायिक संबंध के कारण दिया जाता है तथा जिसके लिए प्राप्तकर्ता उचित बाज़ार मूल्य का भुगतान नहीं करता। उपहार के कई रूप हो सकते हैं जिनमें निम्नलिखित शामिल हैं:

- वस्तुएँ या सेवाएँ;
- ऐसी छूट या प्रायोजन जो आम तौर पर दूसरों के लिए उपलब्ध नहीं हैं;
- व्यक्तिगत उपकार;
- किसी सम्मेलन या व्यापार प्रदर्शनी में जीते गए पुरस्कार; और
- किसी सम्मेलन में भाषण देने के लिए परिश्रामिक।

आम तौर पर, टिकटों को उपहार का नहीं बल्कि मनोरंजन का भाग माना जाता है। हालाँकि, कभी-कभी, टिकटें (उदाहरण के लिए, किसी खेलकूद कार्यक्रम या कॉन्सर्ट के लिए) ऐसी किसी अपेक्षा के साथ नहीं दी जातीं कि टिकट देने वाला प्राप्तकर्ता के साथ गतिविधि के दौरान बातचीत करेगा या खुद उस कार्यक्रम में भाग लेगा। यदि टिकटें इन परिस्थितियों में दी जाती हैं, तो उन्हें स्वीकार किया जा सकता है यदि वे उपहार के मानदंडों को पूरा करती हैं। टिकट का मूल्यांकन उनके उचित बाज़ार मूल्य पर किया जाना चाहिए, उनके अंकित मूल्य पर नहीं।

किसी उपहार को देने या उसे प्राप्त करने के लिए स्वीकृति तब प्रदान की जा सकती है, जब वह निम्नलिखित सभी मानदंडों को पूरा करती हो:

- यह नकद या नकद समतुल्य नहीं है;
- यह प्रचलित व्यावसायिक प्रथाओं के अनुरूप है;
- इसका मूल्य अत्यधिक नहीं है;
- इसे रिश्वत या घूस नहीं माना जा सकता; और
- यह किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं करता।

यदि उपहार का मूल्य अत्यधिक हो, परन्तु स्थानीय रिवाज़ या दूसरी परिस्थितियों के कारण इसे अस्वीकार करना अत्यंत कठिन हो या ऐसा करना अपमानजनक माना जाता हो, तो आप उपहार स्वीकार कर सकते हैं, लेकिन उसे तुरंत इसकी सूचना निगमित नैतिकता कार्यालय को देनी होगी।

***कोई नकद नहीं***

*किसी भी परिस्थिति में आप उपहार के रूप में न तो नकद दे सकते हैं और न ही ले सकते हैं। इसमें किसी प्रकाशन में लेख प्रस्तुत करने या किसी सम्मेलन में प्रस्तुतिकरण देने के एवज में मिले नकद पुरस्कार शामिल हैं। Visa® गिफ़्ट कार्ड जैसे नकद समतुल्य भी निषिद्ध हैं।*

कृपया आवश्यक प्रकटीकरण और अनुमोदनों के सारांश के लिए इस अनुभाग के अंत में तालिका 1.3, 1.4 और 1.5 देखें।

## मनोरंजन

मनोरंजन एक ऐसी गतिविधि या कार्यक्रम है जिसमें व्यावसायिक संबंध के माध्यम से जुड़े मेज़बान और मेहमान दोनों भाग लेते हैं। (यदि मेज़बान इस गतिविधि या कार्यक्रम में मेहमान के साथ भाग नहीं लेता, तो इसे उपहार माना जाएगा और इस विषय में उपहार-संबंधी नियमों का पालन किया जाना चाहिए।) मनोरंजन के कुछ उदाहरणों में भोजन, कॉन्सर्ट, खेलकूद कार्यक्रम या गोल्फ़ के लिए बाहर मिलना।

निम्नलिखित परिस्थितियों में मनोरंजन का आमंत्रण दिया या स्वीकार किया जा सकता है:

- जब इसका कोई वैध व्यावसायिक उद्देश्य हो;
- जब यह महँगा न हो;
- यह प्रचलित व्यावसायिक प्रथाओं के अनुरूप है;
- जब यह आक्रामक तथा यौन उन्मुख न हो; और
- जब यह किसी कानून का उल्लंघन न करता हो (सरकारी अधिकारियों के शामिल होने की स्थिति में ऐसा हो सकता है)।

हमेशा न्यायसंगत निर्णय लेना चाहिए।

## यात्रा

कुछ विशिष्ट परिस्थितियों में, परिवहन, आवास और यात्रा-संबंधी दूसरी आवास व्यवस्थाएँ प्रदान करना या स्वीकार करना उचित है।

निम्नलिखित परिस्थितियों में यात्रा-संबंधी खर्च देना या स्वीकार करना उचित है:

- जब खर्च व्यावसायिक बैठक, सम्मेलन, उत्पाद प्रदर्शन, प्रशिक्षण या इसी प्रकार के कार्यक्रम-संबंधी हो;
- जब यह महँगा न हो;
- जब कर्मचारी के सुपरवाइज़र द्वारा पूर्व-अनुमोदित हो;
- जब तृतीय पक्ष के नियोक्ता द्वारा पूर्व-अनुमोदित हो (यदि कार्यक्रम Lubrizol द्वारा आयोजित हो); और
- जब निगमित नैतिकता कार्यालय द्वारा पूर्व-अनुमोदित हो।

## कोई रिश्वत या घूस नहीं, कभी नहीं

रिश्वत ऐसी कोई मूल्यवान वस्तु हो सकती है—जैसे धन, उपहार, मनोरंजन, यात्रा या कोई उपकार—जिसे किसी व्यावसायिक निर्णय को अनुचित रूप से प्रभावित करने या व्यवसाय में किसी लाभ को प्राप्त करने या बनाए रखने के उद्देश्य से दिया जाता है। घूस एक व्यक्ति या एक समूह द्वारा दूसरे व्यक्ति या समूह को दिया गया पुरस्कार है जिसके एवज में कोई विशिष्ट व्यावसायिक व्यवस्था की जाती है या इस प्रकार की व्यवस्था का समर्थन किया जाता है। रिश्वत और घूस दोनों ही पूर्ण रूप से निषिद्ध हैं। इसके अतिरिक्त, तालिका 1.4 में वर्णित ''सुविधा भुगतान'' भी निषिद्ध हैं। रिश्वतों, घूस या सुविधा भुगतानों के सभी अनुरोधों की सूचना तुरंत निगमित नैतिकता कार्यालय को दी जानी चाहिए।

कृपया आवश्यक प्रकटीकरण और अनुमोदनों के सारांश के लिए इस अनुभाग के अंत में तालिका 1.3, 1.4 और 1.5 देखें।



*अनुरोध के साथ समस्या*

*जब आप किसी अन्य पक्ष से किसी मूल्य युक्त वस्तु का अनुरोध करते हैं, तो अन्य पक्ष यह अपेक्षा कर सकता है कि इस सहायता के एवज में उसे कुछ दिया जाएगा, जैसे मूल्य कम करने या बेहतर शर्तों का प्रस्ताव देना। समस्त व्यावसायिक निर्णय इस पर आधारित होने चाहिए कि Lubrizol के सर्वश्रेष्ठ हित में क्या है और उपकार के बदले कुछ देने के दबाव से प्रभावित न होना।*

## अनुरोध

Lubrizol के लिए कार्य के संबंध में, आपको Lubrizol के साथ व्यावसायिक संबंध रखने वाले ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं या अन्य पक्षों से उपहार, मनोरंजन, यात्रा या व्यक्तिगत उपकारों का अनुरोध नहीं करना चाहिए। व्यक्तिगत उपकार किसी भी चीज़ के बारे में हो सकता है, जैसे परिवार के किसी सदस्य के लिए रोज़गार का अनुरोध, व्यक्तिगत परोपकार के लिए चंदा या विश्वविद्यालय में भर्ती के लिए मदद, आदि। यदि कोई ग्राहक या आपूर्तिकर्ता किसी भी कारण से आपसे उपहार, मनोरंजन, यात्रा या व्यक्तिगत उपकार (साधारण सौजन्य से परे) का अनुरोध करता है, तो ऐसा अनुरोध स्वीकार करने से पहले निगमित नैतिकता कार्यालय से पूर्व अनुमोदन आवश्यक है।

**Lubrizol के दूसरों के साथ संबंधों पर नीतियों के प्रति हमारी जवाबदेही और वचनबद्धता:**

- ***हम इस संहिता में निर्धारित नीतियों द्वारा आवश्यक सिर्फ उचित उपहार, मनोरंजन एवं यात्रा का प्रस्ताव देते हैं और स्वीकार करते हैं।***
- ***हम जानते हैं कि कभी भी उपहार के रूप में नकद राशी न दी जा सकती है और न ली जा सकती है।***
- ***हम ऐसे किसी भी उपहार, मनोरंजन या यात्रा का प्रस्ताव नहीं देते जो किसी व्यावसायिक निर्णय को प्रभावित कर सकती है या ऐसा करने का आभास देती है।***
- ***हम Lubrizol साझेदारों, ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं से उपहार, मनोरंजन या यात्रा का अनुरोध नहीं करते और न ही उनसे व्यक्तिगत उपकार स्वीकार करते हैं (सामान्य शिष्टाचार से अलग)।***
- ***हम रिश्वत या घूस की न तो पेशकश करते हैं न ही स्वीकार करते हैं या न ही सुविधा भुगतान करते हैं।***
- ***हम आवश्यकतानुसार निगमित नैतिकता कार्यालय से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करते हैं।***

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्र: मैं यह कैसे निर्धारित करूँ कि उपहार "अत्यधिक" मूल्य का है?**

उ: यह निर्धारित करने के लिए कोई विशिष्ट आर्थिक सीमा नहीं है कि उपहार का मूल्य अत्यधिक है। खरीद मूल्य और उचित बाजार मूल्य के अलावा, प्रासंगिक कारणों में उपहार के लिए अवसर, स्थानीय रीति-रिवाज, क्या उपहार किसी के निजी उपयोग के लिए है तथा क्या उपहार को किसी तरीके से बदला गया है जिससे उसके मूल्य में वृद्धि या कमी आ गई है, शामिल हो सकते हैं (उदाहरण के लिए, इस पर कुछ उत्कीर्ण किया गया है या इसमें कंपनी लोगो शामिल है)। यदि आपके पास किसी उपहार के बारे में कोई प्रश्न है, तो अपने निगमित नैतिकता कार्यालय से संपर्क करें। याद रखें, यदि उपहार किसी सरकारी अधिकारी को दिया जा रहा है, तो पूर्व अनुमोदन आवश्यक है, जैसा तालिका 1.3, 1.4 और 1.5 में बताया गया है।

**प्र: एक आपूर्तिकर्ता ने मुझे एक शीघ्र ही होने वाले कार्यक्रम की 4 टिकटें दीं, लेकिन वह उसमें भाग नहीं ले रहा है। क्या मैं उन्हें स्वीकार कर सकता/सकती हूँ?**

उ: क्योंकि आपूर्तिकर्ता कार्यक्रम में भाग नहीं ले रहा है, ये टिकटें स्वीकार की जा सकती हैं यदि वे उपहार के मानदंड को पूरा करती हैं। मूल्य निर्धारित करते समय, आपको टिकटों के बाज़ार मूल्य पर विचार करना चाहिए, जो टिकटों पर लिखे मूल्य से बहुत अधिक हो सकते हैं।

**प्र: मैंने एक आपूर्तिकर्ता के स्थान पर मेरे संपर्क के सामने यह ज़िक्र किया कि हाल ही में मेरी बेटी ने आपूर्तिकर्ता के पास नौकरी के लिए आवेदन किया है। मैंने अपने संपर्क से कोई भी कार्रवाई करने की अपेक्षा नहीं की थी, लेकिन इस बात का ज़िक्र करने के कुछ दिनों बाद मुझे पता लगा कि आपूर्तिकर्ता ने मेरी बेटी को नौकरी का प्रस्ताव दिया है। क्या मैंने उस बात का ज़िक्र करके कोई गलती की?**

उ: कभी-कभी अनुरोध के इरादे से न की गई बातों को अन्य पक्ष अनुरोध समझने की गलती कर सकता है। Lubrizol साझेदारों, ग्राहकों या आपूर्तिकर्ताओं के स्थान पर संपर्कों से बातचीत करते समय आपको इस बारे में अत्यधिक सावधान रहना होगा कि आप क्या कहते हैं तथा आपकी बातों का क्या मतलब निकाला जा सकता है। इस स्थिति में, बेहतर होता यदि आपने अपनी बेटी के आवेदन के बारे में कोई ज़िक्र न किया होता। आपको आपूर्तिकर्ता को यह स्पष्ट कर देना चाहिए कि Lubrizol अनुरोधों का सख्त निषेध करता है तथा यह कि आपने आपकी बेटी के आवेदन का ज़िक्र आपूर्तिकर्ता की ओर से किसी कार्रवाई की अपेक्षा के साथ नहीं किया था।

**प्र: एक ग्राहक ने हमें वार्षिक रात्रि भोज के लिए दान का अनुरोध करते हुए पत्र भेजा है जिसका आयोजन उसकी मेज़बानी में कर्मचारियों के लिए किया जाएगा। इस पत्र में लिखा है कि दान की गई वस्तुएँ लॉटरी (रैफ़ल) के माध्यम से कर्मचारियों में बाँटी जाएँगी। क्या हम इस कार्यक्रम के लिए ग्राहक को कुछ दे सकते हैं?**

उ: ग्राहकों द्वारा दान के अनुरोधों को अनुरोध माना जाता है, इसलिए आपको पत्र के उत्तर में Lubrizol की ओर से कुछ भी दान में देने से पहले निगमित नैतिकता कार्यालय से पूर्व अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

**प्र: Lubrizol के व्यावसायिक साझेदार के साथ एक बड़ी परियोजना की समाप्ति के बाद, कंपनी ने मुझे कई तरह के ताज़े फलों, सब्जियों, पनीर, पटाखों और चॉकलेट से सजी एक टोकरी दी। क्या मैं इसे स्वीकार कर सकता/सकती हूँ?**

उ: आप उपहार स्वीकार कर सकते हैं और आपको इसे अपने सहकर्मियों के साथ साझा करने के लिए सामूहिक जगह में रखना चाहिए।

# सरकारी अधिकारियों को उपहार, मनोरंजन या यात्रा का प्रस्ताव देना

Lubrizol के पास विशिष्ट आवश्यकताएँ हैं जो सरकारी अधिकारियों को उपहार तथा मनोरंजन का प्रस्ताव देने पर लागू होती हैं। Lubrizol की ओर से कार्य करते समय आपको तालिका 1.3, 1.4 और 1.5 में उल्लेखित नियमों का सख्ती से पालन करना चाहिए।

## तालिका 1.3

### शामिल अधिकारी संयुक्त राज्य अमेरिका

**पूर्व अनुमोदन आवश्यक है**

**यू.एस. राज्य या अन्य गैर-संघीय सरकारी अधिकारी**

यू.एस. राज्य या गैर-संघीय अधिकारियों को उपहारों, मनोरंजन या यात्रा का प्रस्ताव देने से पहले निगमित नैतिकता कार्यालय के अनुमोदन की आवश्यकता है।

**निषिद्ध**

**यू.एस. संघीय सरकार**

किसी भी यू.एस. संघीय सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को उपहारों, मनोरंजन या यात्रा चाहे मामूली मूल्य के हों, का प्रस्ताव नहीं दिया जा सकता।

## तालिका 1.4

### विश्व के किसी भी स्थान पर अधिकारी

**पूर्व अनुमोदन आवश्यक है**

**राजनीतिक योगदान**

Lubrizol, कानून द्वारा स्वीकृत को छोड़कर, राजनीतिक पार्टियों, उम्मीदवारों या सरकारी अधिकारियों को योगदान नहीं करेगा। किसी भी पार्टी, उम्मीदवार या सरकारी अधिकारी को Lubrizol निधि के योगदान के लिए पहले से निगमित नैतिकता कार्यालय से अनुमोदन प्राप्त करना होगा।

**निषिद्ध**

**सुविधा भुगतान**

सुविधा भुगतान छोटी अनाधिकारिक भुगतान होती हैं जिन्हें सामान्य सरकारी कार्रवाई में तेज़ी लाने या उसे सुरक्षित करने के लिए किया जाता है। Lubrizol सभी सुविधा भुगतान निषिद्ध करता है। सुविधा भुगतान के सभी अनुरोधों की सूचना तुरंत निगमित नैतिकता कार्यालय को देनी चाहिए।

## तालिका 1.5

### संयुक्त राज्य को छोड़कर अन्य देशों में अधिकारी

**पूर्व अनुमोदन आवश्यक है**

**गैर-यू.एस. सरकारी अधिकारी**

कभी-कभी गैर-यू.एस. सरकारी अधिकारियों को वैध व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए उपहार, मनोरंजन या यात्रा का प्रस्ताव देने की अनुमति दी जा सकती है यदि यह स्थानीय कानून के तहत कानूनी है, उचित मूल्य का है और व्यापार में प्रचलित प्रथा है तथा यदि यह उपहार या मनोरंजन सरकारी अधिकारी को कोई विशेष निर्णय लेने के लिए बाध्य नहीं करता या बाध्य करने वाला प्रतीत नहीं होता। हालाँकि, अनौचित्य के आभास से भी बचने के लिए, किसी गैर-यू.एस. सरकारी अधिकारी को उपहार, मनोरंजन या यात्रा सहित किसी भी मूल्य युक्त वस्तु का प्रस्ताव देने से पहले निगमित नैतिकता कार्यालय से या जैसा कि Lubrizol न्यूज़ में नैतिकता पेज पर स्पष्ट की गई 'स्थानीय उपहार एवं मनोरंजन नीतियाँ' के अनुसार अनुमोदन अवश्य ले लेना चाहिए।.

**राज्य के स्वामित्व में या राज्य द्वारा नियंत्रित उपक्रमों के कर्मचारी**

कई देशों में, व्यवसायों का स्वामित्व पूर्ण या आंशिक रूप से सरकार के पास होता है। इन व्यवसायों के सभी कर्मचारियों को संहिता के प्रयोजनों के लिए सरकारी अधिकारी माना जाता है तथा उन्हें दिए गए उपहार, मनोरंजन या यात्रा निगमित नैतिकता कार्यालय के पूर्व अनुमोदन के अधीन होते हैं या Lubrizol न्यूज़ में नैतिकता पेज पर स्पष्ट की गई 'स्थानीय उपहार एवं मनोरंजन नीतियाँ' के अनुसार होते हैं।

**स्थानीय उपहार एवं मनोरंजन नीतियाँ**

निगमित नैतिकता कार्यालय किसी विशेष देश या प्रदेश में सरकारी अधिकारियों के उपहार, भोजन एवं मनोरंजन से संबंधित मार्गदर्शन जारी कर सकता है, जो प्रादेशिक प्रबंधन को एक विशिष्ट सीमा के नीचे मूल्य युक्त उपहारों एवं मनोरंजन के लिए अनुमोदन जारी करने की अनुमति दे सकता है। ये दस्तावेज़ Lubrizol न्यूज़ में नैतिकता पेज पर उपलब्ध हैं।

एक रिमाइंडर के तौर पर, संहिता के अधीन आने वाले मनोरंजन में भोजन, संगीत कार्यक्रम, खेल-कूद के कार्यक्रम, गोल्फ़ खेलने के लिए बाहर जाना या इस जैसी गतिविधि शामिल है।



## प्रतिस्पर्धात्मक समझ

Lubrizol की नैतिक व्यवसायिक प्रथा के प्रति वचनबद्धता का मतलब है कि हम सही तरीके से प्रतिस्पर्धात्मक समझ को इकट्ठा करते हैं। नीचे वे नियम उल्लेखित हैं जिनका पालन प्रतिस्पर्धात्मक समझ को इकट्ठा करते समय करना चाहिए।

### मूलभूत नियम

आप प्रतिस्पर्धात्मक समझ को प्राप्त करने के लिए सिर्फ नैतिक प्रथाओं का उपयोग कर सकते हैं। प्रतिस्पर्धात्मक समझ को प्राप्त करने के लिए चोरी, धोखाधड़ी, रिश्वतखोरी या अन्य गुप्त माध्यमों का उपयोग Lubrizol में सख्ती से निषिद्ध है।

- ग्राहक एवं आपूर्तिकर्ताओं से पूछा जा सकता है कि क्या उनके पास प्रतिस्पर्धियों के बारे में ऐसी कोई जानकारी है जिसे साझा करने के लिए वे स्वतंत्र हैं। आप वाणिज्यिक रूप से उपलब्ध प्रतिस्पर्धात्मक सामग्रियों के नमूनों के लिए भी पूछ सकते हैं। अनुरोध करते समय, आपको हमेशा ग्राहक या आपूर्तिकर्ता से यह पुष्टि कर लेनी चाहिए कि उनकी Lubrizol से जानकारी या नमूना साझा करने की क्षमता पर कोई प्रतिबंध तो नहीं है। प्रतिबंध किसी ऐसे गोपनीयता समझौते से उत्पन्न हो सकता है जो ग्राहक या आपूर्तिकर्ता ने प्रतिस्पर्धी या कंपनी नीति के साथ की हो जो प्रतिस्पर्धात्मक समझ के साझाकरण का निषेध करती है। आपको इन दायित्वों का सम्मान करना चाहिए। यदि ग्राहक या आपूर्तिकर्ता अपनी जानकारी या नमूना साझा करने की क्षमता के बारे में संदेह या आशंका व्यक्त करता है, तो इससे इंकार कर देना चाहिए।

- Lubrizol के लिए प्रतिस्पर्धात्मक समझ प्राप्त करने के लिए सलाहकारों की नियुक्ति की जा सकती है। सलाहकारों की नियुक्ति के दौरान, उन्हें बता देना चाहिए कि वे जानकारी प्राप्त करते समय सिर्फ नैतिक प्रथाओं का उपयोग कर सकते हैं। सलाहकारों को ऐसा कुछ नहीं करना चाहिए जो Lubrizol के कर्मचारी इस बुद्धिमत्ता को इकट्ठा करने के लिए नहीं कर सकते।

***तिस्पर्धात्मक समझ क्या है?***

*प्रतिस्पर्धी समझ प्रतिस्पर्धियों के बारे में जानकारी होती है, जिसमें उनके मूल्य निर्धारण और उत्पाद की जानकारी शामिल है, जो Lubrizol को एक उतार-चढ़ाव वाले बाज़ार में प्रतिस्पर्धात्मक लाभ बनाए रखने में मदद करती है। प्रतिस्पर्धात्मक समझ इकट्ठा करना एक महत्वपूर्ण वाणिज्यिक प्रथा है और यह नैतिकता के साथ ही होनी चाहिए।.*

## विशेष सावधानी की आवश्यकता वाली परिस्थितियाँ

आपको विशेष सावधानी बरतनी चाहिए यदि आपको कोई ऐसा दस्तावेज़ प्राप्त हो जाए जो गोपनीय के रूप में चिन्हित हो या जिसमें किसी प्रतिस्पर्धी की गोपनीय जानकारी शामिल हो। ऐसी परिस्थितियों में, आपको जानकारी प्रदान करने वाले व्यक्ति से कहना चाहिए कि वह स्पष्टतः एवं निःसंदेह होकर पुष्टि करे कि प्रतिस्पर्धी के साथ ऐसा कोई गोपनीयता दायित्व नहीं है जो Lubrizol के साथ दस्तावेज़ के साझाकरण को निषिद्ध करता है। यदि व्यक्ति यह पुष्टिकरण प्रदान करता है, तो आप वह दस्तावेज़ स्वीकार कर सकते हैं, लेकिन इसमें निहित जानकारी के उपयोग या Lubrizol में दूसरों के साथ इसे साझा करने से पहले उसे समीक्षा के लिए विधिक टीम को तुरंत भेजा जाना चाहिए। आपको ऐसे किसी प्रतिस्पर्धात्मक समझ से इंकार करना होगा यदि आपके पास निम्नलिखित का विश्वास करने का कारण है कि:

- जानकारी प्रदान करने वाला व्यक्ति समझ के एवज में मुआवज़े या किसी उपकार की अपेक्षा कर रहा है;
- जानकारी प्रदान करने वाला व्यक्ति उसे साझा करने के लिए स्वतंत्र नहीं है; या
- यह जानकारी गैर कानूनी या अनैतिक प्रथाओं से प्राप्त की गई थी।

## तिस्पर्धी

आपको कभी भी प्रतिस्पर्धात्मक समझ के लिए प्रतिस्पर्धी से सीधे संपर्क नहीं करना होगा क्योंकि प्रतिस्पर्धियों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संवेदनशील जानकारी के आदान-प्रदान से एक अनुचित समझौते का आभास उत्पन्न हो सकता है। इस नियम में छूट सिर्फ नमूनों के विषय में संभव है। नमूने प्रतिस्पर्धियों से सीधे इकट्ठा किए जा सकते हैं, जैसे जब Lubrizol किसी सूत्रीकरण में प्रतिस्पर्धी के उत्पाद के उपयोग का मूल्यांकन कर रहा हो। Lubrizol की खरीद टीम इन नमूनोंका अनुरोध करनेके लिए सबसे अच्छी स्थितिमे हैं। Lubrizol के बिक्री विभाग में कार्यरत कर्मचारी विधिक टीम के पूर्व अनुमोदन के बिना नमूना प्राप्त करने के लिए किसी प्रतिस्पर्धी से संपर्क नहीं कर सकते हैं।

### सही तरीके से प्रतिस्पर्धात्मक समझ इकट्ठा करने के प्रति हमारी जवाबदेही और वचनबद्धता:

- ***हम प्रतिस्पर्धात्मक समझ को प्राप्त करने के लिए सिर्फ नैतिक प्रथाओं का उपयोग करते हैं।***
- ***हम गोपनीय के रूप में चिह्नित दस्तावेज़ या ऐसा कोई दस्तावेज़ जिसमें प्रतिस्पर्धी की गोपनीय जानकारी निहित होने का आभास होता है, के संबंध में विशेष सावधानी बरतते हैं तथा आगे की पूछताछ करते हैं।***
- ***हम ऐसे प्रतिस्पर्धात्मक समझ को अस्वीकार कर देते हैं जिसे मुक्त रूप से साझा नहीं किया जा सकता, जिसे गैर-कानूनी तरीके से प्राप्त किया गया हो या जिसके एवज में मुआवज़ा अपेक्षित हो।***
- ***हम प्रतिस्पर्धात्मक समझ के लिए कभी भी किसी प्रतिपर्धि से सीधे संपर्क नहीं करते, सिवाय नमूनों के लिए, जैसा संहिता के इस अनुभाग के नियमों में उल्लेखित है।***

# अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्र: हाल ही में एक बिक्री कॉल के दौरान, एक ग्राहक ने मुझे किसी प्रतिस्पर्धी की मूल्य सूची प्रदान की। यह मूल्य सूची "गोपनीय" के रूप में चिह्नित है। जब मैंने ग्राहक को इसके बारे में पूछा, तो उसने मुझे बताया कि उसका प्रतिस्पर्धी के साथ कोई गोपनीयता समझौता नहीं है और यह मूल्य सूची उसे सामूहिक मेलिंग के माध्यम से भेजी गई थी। क्या मैं यह जानकारी स्वीकार कर सकता/सकती हूँ?**

उ: हाँ। किसी दस्तावेज़ को "गोपनीय" के रूप में चिह्नित कर देने से ही वह गोपनीय नहीं बन जाता। ग्राहक द्वारा यह आश्वासन दिए जाने के बाद कि ऐसा कोई गोपनीयता समझौता नहीं है जो मूल्य सूची के साझाकरण को निषिद्ध करता हो, आप उसे स्वीकार कर सकते हैं, लेकिन इस जानकारी का उपयोग करने या Lubrizol में दूसरों के साथ यह दस्तावेज़ साझा करने से पहले, उसे अंतिम मूल्यांकन के लिए विधिक टीम के पास ले जाएँ।

---

**प्र: मैं प्रयोगशाला में कार्यरत हूँ। हमें हाल ही में एक प्रतिस्पर्धी उत्पाद का नमूना प्राप्त हुआ है, लेकिन उसके डिब्बे पर कोई लेबल नहीं है और सामग्री के लिए कोई सुरक्षा डेटा शीट मौजूद नहीं है। मेरे एक सहकर्मी ने मुझे बताया कि उसे यह नमूना अपने किसी मित्र से मिला है जो दूसरी रसायन कंपनी में कार्यरत है और मुझे इस विषय में चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। क्या यह कोई समस्या है?**

उ: हाँ। यह नमूना एक गंभीर सुरक्षा आशंका उत्पन्न करता है। Lubrizol प्रयोगशाला में प्रत्येक उत्पाद पर लेबल होना चाहिए और उसके साथ सुरक्षा डेटा शीट होना आवश्यक है। लेबल के न होने से ये प्रश्न भी उठते हैं कि यह नमूना किस तरीके से प्राप्त किया गया था तथा क्या इसे प्राप्त करने के लिए उचित प्रथाओं का उपयोग किया गया था। इस नमूने के निपटान का तरीका निर्धारित करने के लिए आपको स्थानीय सुरक्षा कर्मी से संपर्क करना होगा। इसके अलावे, मामले की रिपोर्ट एक नैतिकता कार्यालय संसाधन से करें ताकि यह तय किया जा सके कि क्या अतिरिक्त कार्रवाई की आवश्यकता है।

---

**प्र: क्या मुझे प्रतिस्पर्धी उत्पादों के नमूनों का विश्लेषण करने की अनुमति है?**

उ: यदि नमूनों को संहिता के अनुसार उचित रूप से प्राप्त किया गया हो, तो आप वाणिज्यिक रूप से उपलब्ध उत्पादों के नमूनों का विश्लेषण कर सकते हैं। आप उन प्रतिस्पर्धी उत्पादों के नमूनों का विश्लेषण विधिक टीम के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं  कर सकते जो वाणिज्यिक रूप से उपलब्ध नहीं हैं।

---



# कानूनों एवं अन्य दायित्वों का अनुपालन करना

एक अत्यंत नैतिक कंपनी होने का मतलब है कि Lubrizol अपने परिचालन के सभी स्थानों पर कानूनों का अनुपालन करता है तथा अपने द्वारा किए गए अन्य कानूनी वचनबद्धताओं को पूरा करता है। इस क्षेत्र में विफलता के कारण भारी जुर्माने या हर्जाने लगाए जाने, व्यवसाय में रुकावट आने, या इससे भी बदतर परिणाम हो सकते हैं – जैसे Lubrizol की प्रतिष्ठा तथा उसके उत्पादों, सेवाओं एवं समाधानों पर निर्भर करने वाले ग्राहकों और अन्य हितधारकों के भरोसे की हानि।



### कानून का अनुपालन

विश्व भर में ऐसे कई कानून हैं जो Lubrizol की गतिविधियों पर लागू होते हैं और ये सभी महत्वपूर्ण हैं। भ्रष्टाचार-विरोधी कानूनों, व्यापार विनियमों और प्रतिस्पर्धा कानूनों का पालन कैसे करें, इस बारे में जानकारी के लिए कृपया Lubrizol न्यूज़ में कानूनी पेज पर 'अनुपालन' अनुभाग का संदर्भ लें। यह मार्गदर्शक Lubrizol के निषिद्ध व्यावसायिक प्रथा नीति से जानकारी पर भी प्रकाश डालता है, जो सभी लागू कानूनों के अनुपालन के विषय में Lubrizol कर्मचारियों एवं Lubrizol साझेदारों के दायित्वों का उल्लेख करती है।

### दूसरों की बौद्धिक संपदा का सम्मान करना तथा गोपनीयता दायित्वों का अनुपालन करना

बौद्धिक संपदा में ट्रेडमार्क, पेटेंट, कॉपीराइट तथा लोगो शामिल हैं। Lubrizol दूसरों की अनुमति के बिना उनकी बौद्धिक संपदा का उपयोग नहीं करता। यदि Lubrizol ने अन्य पक्ष के साथ किसी ऐसे गोपनीयता समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत उसे गोपनीय जानकारी प्राप्त हुई है, तो वह उस समझौते के तहत दायित्वों का अनुपालन करता है।

Lubrizol यह भी आवश्यक करता है कि उसके कर्मचारी अपने भूतपूर्व नियोक्ताओं से जुड़े दायित्वों को भी निभाएँ, जिनमें गोपनीयता दायित्व भी शामिल हैं। Lubrizol भूतपूर्व नियोक्ताओं की अनुमति के बिना उनकी जानकारी का उपयोग नहीं करेगा।

***भूतपूर्व नियोक्ताओं के प्रति दायित्व***

*जिस प्रकार Lubrizol के लिए निर्मित दस्तावेज़ Lubrizol की परिसंपत्ति है, उसी प्रकार आपके भूतपूर्व नियोक्ता के लिए निर्मित दस्तावेज़ उस नियोक्ता की परिसंपत्ति है। आपके भूतपूर्व नियोक्ता के अभिव्यक्त अनुमति के बिना, आपको ऐसे दस्तावेज़ों के उपयोग की अनुमति नहीं है, जो उस नियोक्ता के हैं या उनके लिए बनाए गए थे, भले ही इस दस्तावेज़ में कोई गोपनीय जानकारी निहित न हो।*



## अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न

**प्र: मुझे प्रतिस्पर्धा कानूनों के अनुपालन के बारे में अधिक जानकारी कहाँ से मिल सकती है?**

उ: आप Lubrizol न्यूज़ में कानूनी पेज के 'अनुपालन' अनुभाग पर जा सकते हैं, जिसमें प्रतिस्पर्धा कानूनों के अनुपालन से संबंधित संसाधन उल्लेखित हैं।

**प्र: मैंने एक भूतपूर्व नियोक्ता के लिए एक सर्वेक्षण तैयार किया था। इसमें मेरे भूतपूर्व नियोक्ता के बारे में कोई जानकारी, गोपनीय या अन्यथा, शामिल नहीं है। यह सिर्फ प्रश्नों की एक शृंखला है। क्या मैं Lubrizol के लिए मेरे कार्य में इसका उपयोग कर सकता/सकती हूँ?**

उ: नहीं, यह सर्वेक्षण आपके भूतपूर्व नियोक्ता की संपत्ति है। आपके भूतपूर्व नियोक्ता की अभिव्यक्त अनुमति के बिना Lubrizol के लिए इसका उपयोग नहीं किया जा सकता।

**प्र: मैं एक महत्वपूर्ण ग्राहक के लिए एक प्रस्तुतिकरण तैयार कर रहा/रही हूँ जिसमें मैं उस ग्राहक के लोगो का चित्र शामिल करना चाहता/चाहती हूँ। क्या यह ठीक है?**

उ: ग्राहक की अनुमति के बिना इस लोगो का उपयोग नहीं करना चाहिए। आपको ग्राहक से समय से पहले संपर्क करके यह पूछना चाहिए कि क्या प्रस्तुतिकरण में उसके लोगो का उपयोग करना सही रहेगा या नहीं।



हमें प्रत्येक कार्य का

**मूल्यांकन सिर्फ इस**

मानदंड से नहीं करते रहना है कि क्या कानूनी है बल्कि इससे भी करते रहना चाहिए कि किसी राष्ट्रीय समाचारपत्र के पहले पेज पर किसी विरोधी लेकिन बुद्धिमान रिपोर्टर द्वारा लिखे गए लेख में हम अपने बारे में किस तरह की राय देखकर खुश होंगे।

*– वारेन बफेट*

# नैतिकता सहित निर्णय लेना

कोई विषय नैतिकता का मुद्दा कब बन जाता है? इस प्रश्न का उत्तर देना सिर्फ आपके लिए ही नहीं, अधिकांश लोगों के लिए कठिन है। संहिता में ऐसे कई मुद्दों को संबोधित किया गया है जो नैतिकता-संबंधी आशंकाएँ हैं या बनने की संभावना रखते हैं। हालाँकि, संहिता में सारी परिस्थितियों को संबोधित नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि आपसे सभी परिस्थितियों में ईमानदारी तथा सत्यनिष्ठा के साथ कार्य करने, सबके साथ मर्यादा एवं आदर का व्यवहार करने और Lubrizol के लिए किए जाने वाले अपने हर कार्य में हमेशा न्यायसंगत निर्णय का उपयोग करने की अपेक्षा की जाती है।



जब कि हम सभी सही कार्य करने का हर संभव प्रयत्न करते हैं, लेकिन यह बात हमेशा स्पष्ट नहीं होती कि क्या सही है। यदि आपको इस बारे में संदेह हो कि क्या आपके कार्य उचित हैं, तो खुद से ये प्रश्न करें।

- मेरे सुपरवाइज़र, सहकर्मी या परिवार के सदस्य मेरे कार्यों के बारे में क्या सोचेंगे?
- यदि मुझे पता हो कि मेरे कार्यों की सूचना ख़बरों में दी जाएगी, तो क्या मैं किसी और तरीके से पेश आऊँगा/आऊँगी?
- क्या मैं दूसरों के साथ वैसा ही व्यवहार कर रहा/रही हूँ जैसे व्यवहार की अपेक्षा मैं उन से करता/करती हूँ?

यदि आपको संदेह है, तो आगे बढ़ने से पहले मदद माँगे! यदि सार्वजनिक छानबीन का खतरा आपको असहज बना रहा है, तो इसका मतलब है कि आपका विवेक आपको कोई महत्वपूर्ण बात बता रहा है। इस पर ध्यान दें। हो सकता है कि आप किसी ऐसी चीज़ के साथ संघर्ष कर रहे हैं जो प्रतिष्ठा को ठेस पहुँचा सकती है—आपकी या Lubrizol की।

# संसाधन

| | | |
|---|---|---|
| निगमित नैतिकता कार्यालय | ethics@lubrizol.com या 1-440-347-5000 | |
| स्थानीय नैतिकता नेतृत्वकर्ता | Lubrizol न्यूज़ में नैतिकता पेज का संदर्भ लें | |
| नैतिकता हॉटलाइन (NAVEX वेब रिपोर्टिंग) | https://www.brk-hotline.com | |
| नैतिकता हॉटलाइन (NAVEX टेलीफ़ोन रिपोर्टिंग) | यू.एस. एवं कनाडा | 1-800-261-8651 |
| **बाहरी लाइन का उपयोग करते समय अंतर्राष्ट्रीय टोल-फ्री** | ब्राज़ील | 0800-892-1909 |
| | चीन | 10-800-110-0669 |
| | चीन | 10-800-711-0728 |
| | फ्रांस | 0800-91-5504 |
| | जर्मनी | 0800-186-0191 |
| | सिंगापुर | 800-1101-981 |
| | यूके | 0808-234-0033 |
| **बाहरी लाइन का उपयोग करते समय सीधी पहुँच** | ऑस्ट्रेलिया (ऑप्टस) | 1-800-551-155 |
| ***अंग्रेजी में कहे जाने पर, डायल करें**: 800-781-6271 | ऑस्ट्रेलिया (टेल्सट्रा) | 1-800-881-011 |
| | बेल्ज़ियम | 0-800-100-10 |
| | भारत | 000-117 |
| | ईटली | 800-172-444 |
| | जापान (NTT) | 0034-811-001 |
| | जापान (KDDI) | 00-539-111 |
| | जापान (सॉफ्टबैंक टेलीकॉम) | 00-663-5111 |
| | कोरिया (दक्षिण) (डाकॉम) | 00-309-11 |
| | कोरिया (दक्षिण) (ONSE) | 00-369-11 |
| | कोरिया (दक्षिण) (कोरिया टेलिकॉम) | 00-729-11 |
| | लक्ज़मबर्ग | 800-201-11 |
| | मलेशिया | 1-800-80-0011 |
| | मेक्सिको | 01-800-288-2872 |
| | नीदरलैंड | 0800-022-9111 |
| | रोमानिया (टेलिकॉम रोमानिया) | 0808-03-4288 |
| | सऊदी अरब | 1-800-10 |
| | दक्षिण अफ्रीका | 0-800-99-0123 |
| | स्पेन | 900-99-0011 |
| सूची में देश का नाम नहीं है? | https://www.brk-hotline.com | |
| कर्मचारी संपर्क कार्यालय | employeerelations@lubrizol.com या 1-440-347-5937 | |
| विधिक टीम | 1-440-347-5108 | |
| संवहनीयता | inspiringsustainability@lubrizol.com | |

नैतिकता हॉटलाइन के माध्यम से किए गए रिपोर्ट के लिए, रिपोर्ट पूरी करने के बाद आपको "रिपोर्ट की" नामक एक अद्वितीय कोड दिया जाएगा। अपनी रिपोर्ट की तथा पासवर्ड को कहीं लिख लें और किसी सुरक्षित स्थान पर रख दें। 5-6 व्यावसायिक दिनों के बाद अपनी रिपोर्ट की तथा पासवर्ड के उपयोग से प्रतिक्रिया या प्रश्नों के लिए अपनी रिपोर्ट देखें।

Lubrizol

www.lubrizol.com

© 2023 The Lubrizol Corporation । सर्वाधिकार सुरक्षित। 23-0117621-Hindi